तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 22 जनवरी 2025



12 पचास हजार से अधिक की नकद राशि मिलने पर देना होगा ब्यौरा



## खबर संक्षेप

### मांस विक्रय केन्द्र रहेगा बंद

**भिलाईनगर।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें इन दिनों बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के तहत गणतंत्र दिवस 26 जनवरी रविवार एवं महात्मा गांधी पुण्यतिथि 30 जनवरी गुरूवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराने शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है। कोई भी विक्रेता उल्लंघन करते हुए पाया गया तो अर्थदण्ड लगाते हुए जप्ती की कार्यवाही जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विक्रेता व क्रेता के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी 24 -25 को साइंस कालेज में

**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय संगोष्ठी 24 व 25 फरवरी को आयोजित है। इतिहास विभाग एवं छत्तीसगढ़ इतिहास परिषद द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी का विषय भारतीय इतिहास में जनजातीय योगदान रूसा 2.0 के अंतर्गत है। इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ. अनिल पांडेय ने बताया कि संगोष्ठी के लिए संक्षेपिका 5 फरवरी तक और पूर्ण शोध पत्र पर 15 फरवरी तक लिया जाएगा। संगोष्ठी के लिए रजिस्ट्रेशन आन लाइन व ऑफलाइन भी करवा सकते हैं।

### आज से नामांकन लेने की प्रक्रिया शुरू, अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

# दुर्ग के 60 वार्ड के लिए कलेक्टर न्यायालय भिलाई व रिसाली का निगम में नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव का बिगुल बजने के बाद अब चुनावी प्रक्रिया का आगाज हो गया है। आज 22 जनवरी से निकायों के उम्मीदवारों के लिए नामांकन लेने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा इसके लिए कक्ष निर्धारित कर दिए गए है। दुर्ग नगरनिगम के साठ वार्डो के उम्मीदवारों से नामांकन लेने आधा दर्जन आरओ व एआरओ की नियुक्ति की गई हैं। उनके जरिए निर्धारत छः कक्ष में वार्डवार नामांकन के आवेदन लिए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के जरिए बताया कि, आचार संहिता जिले में प्रभारी हो गई हैं। उन्होने बताया कि, 22 जनवरी को सुबह साढे दस से दोपहर तीन बजे तक नामांकन फार्म लिए जाएंगे। आवेदन जमा लेने आरओ और एआरओ की नियुक्त वार्डवार अनुसार कक्ष आबंटन कर दिए गए हैं। फार्म जमा करने की प्रक्रिया आफलाइन होगी, वही आगामी 11 जनवरी को होने वाले निकाय के मतदान के लिए सामग्री का वितरण और जमा पुलगांव स्थित भारतीय कालेज में किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि, जिले में नगरीय निकायों का निर्वाचन एक चरण में एवं त्रिस्तरीय पंचायतों का निर्वाचन तीन चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। नगरीय निकायों के लिए नामांकन 22 जनवरी 2025 से प्रारंभ होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 होगी। 31 जनवरी 2025 को नाम वापसी तथा मतदान 11 फरवरी 2025 को और मतगणना 15 फरवरी 2025 को संपन्न होगी।

**खास बातें**

- निकायों में 11 को मतदान और परिणाम 15 को आएंगे
- दस निकायों के 404 मतदान केद्रो में166 वार्ड में होगें चुनाव

### दुर्ग नगर निगम के लिए आवेदन यहां जमा होंगे

प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पालिक निगम दुर्ग अपर कलेक्टर अरविंद कुमार एक्का वार्ड 1 से 60 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 4, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी वार्ड 1 से 12 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 31, संयुक्त कलेक्टर लता युगल उर्वसा वार्ड 13 से 24 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 32, संयुक्त संचालक दिवाकर सिंह वार्ड 25 से 36 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 33, प्रबंधक तुषार त्रिपाठी वार्ड 37 से 48 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 29, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता को वार्ड 49 से 60 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 20 में नामांकन पत्र लेगें।

### उप चुनाव वाले भिलाई, रिसाली, चरौदा का यहां आवेदन

नगर पालिक निगम भिलाई अपर कलेक्टर एवं आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग सुमीत अग्रवाल वार्ड 24 एवं 35 के लिए न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कक्ष नगर निगम भिलाई होंगे। नगर पालिक निगम रिसाली में अपर कलेक्टर एवं आयुक्त नगर निगम भिलाई राजीव पाण्डेय वार्ड 34 के लिए कार्यालय आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली कक्ष क्रमांक 35 हैं। नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा अपर कलेक्टर मोनिका वर्मा वार्ड 32 के लिए नगर निगम कार्यालय चरोदा रहेगा। उल्लेखनीय है कि, भिलाई नगरपालिका निगम में दो वार्ड, रिसाली में एक वार्ड और चरोदा में भी एक वार्ड में उपचुनाव होने हैं।

### नगरपालिका परिषद का यहां होगा जमा

नगर पालिका परिषद अहिवारा संयुक्त कलेक्टर दुर्ग सुश्री सिल्ली थॉमस वार्ड 15, तहसीलदार राधेश्याम वर्मा वार्ड 1 से 8 तक और मुख्य नगर पालिका अधि. अंकुर पाण्डेय को वार्ड 9 से 15 तक तहसील कार्यालय अहिवारा नाम निर्देशन के लिए बैठक लेंगे। इसी तरह नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में अपर कलेक्टर दशरथ सिंह राजपूत वार्ड 18, तहसीलदार मनोज रस्तोगी वार्ड 1 से 9 तक और मुख्य नगर पालिका अधि. प्रीति गुप्ता नगर पालिका अमलेश्वर कक्ष में नाम निर्देशन के लिए बैठक व्यवस्था की गई है। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में संयुक्त कलेक्टर दुर्ग महेश सिंह राजपूत वार्ड 24, तहसीलदार पवन ठाकुर वार्ड 1 से 12 तक और मुख्य नगर पालिका अधि. नेतराम चन्द्राकर 13 से 24 तक के लिए नगर पालिका कुम्हारी में नाम निर्देशन के लिए बैठक व्यवस्था किया गया है।

### पाटन का तहसील और उतई का कालेज में जमा

नगर पंचायत धमधा में डिप्टी कलेक्टर सोनाल डेविड वार्ड 15, नायब तहसीलदार कविता पटेल वार्ड 1 से 8 तक और मुख्य नगर पालिका अधि. ओंकार ठाकुर वार्ड 9 से 15 तक के लिए नगर पंचायत भवन में नाम निर्देशन हेतु बैठक व्यवस्था किया गया है। नगर पंचायत पाटन में डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव वार्ड 15, नायब तहसीलदार भूपेन्द्र कुमार साहू वार्ड 1 से 8 तक और मुख्य नगर पालिका अधि. हेमंत कुमार वर्मा 9 से 15 के लिए तहसील कार्यालय पाटन में और नगर पंचायत उतई में डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा वार्ड 15, नायब तहसीलदार सुश्री ज्योत्सना कलिहारी वार्ड 1 से 8 और मुख्य नगर पालिका अधि. राजेन्द्र नायक वार्ड 9 से 15 नाम निर्देशन के लिए शासकीय तुलाराम महाविद्यालय उतई में बैठक व्यवस्था किया गया है।

### प्रचार के लिए मिलेगा सिर्फ दस दिन

निकाय चुनाव के लिए आगामी 22 जनवरी को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन इसी दिन से शुरू हो जाएगा। वहीं 28 जनवरी को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी। वही नाम निर्देशनों के पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरी और 31 जनवरी को अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख तय की गई हैं। मतदान 11 फरवरी को होगी, वहीं चौथे दिन 15 फरवरी को परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। इस तरह नाम वापसी के दिन से प्रत्याशियों को प्रचार प्रसार के लिए 11 दिन ही मिलेगें। ग्यारह को चुनाव के चलते एक दिन पहले प्रचार प्रसार थम जाएगा।

# विवाद सुलह कराने को लेकर दिव्यांग की हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

विवाद सुलह कराने को लेकर दिव्यांक युवक की हत्या कर लाश को तालाब में फेकने के मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालक और एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि कोसा नगर सुपेला निवासी दिव्यांक लाला दास चतुर्वेदी 16 जनवरी की शाम से घर से गायब था।

- तीन अपचारी समेत युवक गिरफ्तार

खोजबीन कराने के बाद कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजनों ने पुलिस से शिकायत किया था। पुलिस पतासाजी में कुठेला भाठा आईआईटी गेट न. 2 मुरूम खदान पानी मे युवक का शव पड़ा मिला। शव का शिनाख्त करने पर लालदास चतुर्वेदी के रुप में हुआ। जिसका पीएम कराने के बाद रिपोर्ट में होमोसाइडल इन नेचर उल्लेख पाया गया। पुलिस ने हत्या का अपराध कायम कर संदिग्ध किस्म के युवकों से पूछताछ करना शुरु किया। मृतक लालदास चतुर्वेदी को कुछ युवकों द्वारा उसके साथ मारपीट करते कुर्मी भवन सुपेला के पास देखा था। आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई।

### था मामूली विवाद

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कोसा नगर दीक्षित कालोनी वार्ड 5 भिलाई निवासी आयुष बागडे समेत तीन अपचारी बालकों को पकड़कर पूछताछ करना शुरु कर दिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि लालदास के साथ मामूली विवाद था उसे सुलझाने के चक्कर ज्यादा विवाद हो गया और चारों ने मिलकर उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने 21 जनवरी को दिव्यांक लालादास की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी आयुष बागडे पहले भी जेल जा चुका है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# कोचिंग के पार्टनर को गला दबा कर पीटा , जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कोचिंग के हिसाब किताब को लेकर दो पार्टनर में मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर चार के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2)3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सिविक सेंटर भिलाई में रितेश कुमार चौरे और कैलाश चंद्रवंशी दोनों का आईआईटीए ग्रुप कोचिंग पार्टनरशिप में संचालित करते हैं। कोचिंग में रितेश का 60 प्रतिशत और कैलाश का 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कैलाश चंद्रवंशी द्वारा पिछले लेनदेन के हिसाब को लेकर रितेश पर झूठे आरोप लगाकर अपने भाइयों से अवैध वसूली करवाना चाहता है। कोचिंग के हिसाब को लेकर 18 जनवरी 2024 को दोनों पारिवार में बीच बैठक हुआ था। जिसमें विवाद का सुलह करवाया गया था। जहां सभी की देनदारी हो गई थी दोनों ने मिलकर स्वीकार किया था कि पिछला आय का लेनदेन शून्य रखकर कोचिंग को दोबारा शुरु करेगें। लेकिन कैलाश ने अपने भाई तारन चंद्रवंशी को 10 लाख रुपए के बदले 40 लाख के लिए रितेश पर दबाव डालकर वसूला गया। उसके बाद आय व्यय को लेकर दोनों को समझाइश दी गई। वर्ष 2024 को कोचिंग लास में चलने लगी थी। रितेश ने पुलिस को बताया कि लेनदेन के मामले को लेकर परिवार में बैठ कर सुलझा लिया गया था। फिर कैलाश व रितेश के साथ कोचिंग में बैठकर हिसाब किताब चल ही रहा था। तभी प्रकाश चंद्रवंशी, तारन चंद्रवंशी, फलकु राम चन्द्रवंशी ने रितेश कुमार चौरे से मारपीट करना शुरु कर दिया। इसके अलावा चारों ने जातिगत गाली गलौज करना शुरु कर दिया। चारों ने रितेश का गला दबाने का भी प्रयास किया। जिसका वीडियों फुटेज सीसीटीवी में पड़ा हुआ है। पीड़ित सिद्धार्थ चौरे अजाक्स राजनांदगांव का जिला अध्यक्ष है। मारपीट की घटना उनके बेटे रितेश चौरे के साथ हुई है। तारन चंद्रवंशी ने घटना के पूर्व भी कोचिंग बंद करवाने और रितेश को बर्बाद करने तक की धमकी दे चुका है। कोचिंग के शिक्षकों को भी कैलाश राह पर धमकी दे चुका है। इस तरह चारों की दबंगई बेखौफ तरीके से चल रही है।
















# चुनाव में स्वच्छ छवि के सक्रिय कार्यकर्ता को बनाएं प्रत्याशी-पवन साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर ध्रुव संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि,स्वच्छ छवि के सक्रिय कार्यकर्ता का ही चयन करे। क्योकि जैसा प्रत्याशी होगा वैसा ही परिणाम आएगा। नगरीय व पंचायत चुनाव को लेकर आयोजित संभागीय बैठक में चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई।

बैठक में दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव खैरागढ़, मानपुर मोहला जिले के अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी शामिल हुए। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि, भाजपा प्रत्याशी चयन पूरी पारदर्शिता से करती है, इसमें किसी प्रकार का कोई अपना-पराया नहीं किया जाता है। हमें चुनाव में सही प्रत्याशी को उतारना है और उसके लिए काम भी करना है। जिसको भी टिकट मिलेगी सब मिल-जुलकर साथ उसके साथ खड़े होंगे और उसको आगे बढ़ाएंगे। इस चुनाव का जो हमारा नारा रहेगा ₹हम जीतेंगे₹ और संकल्प लेकर इसे पूरा करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण दुनिया में भाजपा के विचार को स्वीकार्यता मिल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की लोकप्रियता पूरी दुनिया में है।

## संभागीय बैठक में पंचायत और नगरीय चुनाव को लेकर बनी रणनीति

### प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले से रहे सावधान

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने आगे कहा कि, हमें आगामी चुनाव में अपने लिए प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली शक्तियों से भी सावधान रहना है। उन्होने कहा अगर हम पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक जीतते हैं तो हमारी जितनी भी योजनाएँ हैं, इसका लाभ सभी को मिलेगा। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि, हमें सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत में भी वही एक कार्यकर्ता चुनाव लड़े, जो चुनाव जीत सकता है। केंद्र और राज्य में हमारी सरकार है। इसी तरह पंचायत में भी भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ही सरपंच बनना चाहिए, यह हमारा संकल्प हो।



### निर्धारित मापदंड पर चयन-सरोज

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय ने कहा, पार्टी के जीत के सूत्रधार पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ता होते हैं और उन देवतुल्य कार्यकर्ताओं का चुनाव आ चुका है, सबका दायित्व है कि उन्हें जिताएं। हर व्यक्ति को प्रत्याशी के रूप में घोषित तो नहीं किया जा सकता। पार्टी के एक निर्धारित मापदंड के अनुरूप प्रत्याशी के चयन होते हैं लेकिन हम सभी का दायित्व है कि तय प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत दिलाएं। दुर्ग संभाग के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने किया एवं आभार नगरी निकाय चुनाव के दुर्ग संभाग संयोजक राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने किया।

## खबर संक्षेप



### शिशु संरक्षण माह, द्वितीय चरण का आयोजन

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला स्तर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोटियाकला में शिशु संरक्षण माह द्वितीय चरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक संजीव दुबे, अस्पताल के समस्त चिकित्सा अधिकारी, आरएमएनसीएच ए कंसल्टेंट शोभिका गजपाल, एवं अन्य जिला स्तर के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार नियमित टीकाकरण के साथ ही विटामिन 'ए' (9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को प्रत्येक 6 माह में 1 बार) एवं सिरप (6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में 2 बार) लगातार 6 माह तक पिलाया जाए। बच्चों व गर्भवती माताओं का टीकाकरण, गर्भवती माताओं की जांच तथा उन्हें पोषण आहार की सलाह के साथ-साथ अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) रिफर किया जाएगा व मध्यम कुपोषित बच्चों हेतु माताओं को आहार की सलाह दी जाएगी। कलेक्टर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिशुवती माताओं को 1000 दिवस तक बच्चों के विशेष देखभाल,आहार व टीकाकरण अनिवार्य करवाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की देखभाल उनके 5 वर्ष के हो जाने तक अवश्य जारी रखने चाहिये। कार्यक्रम के पश्चात शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोटियाकला के प्रांगण में बेल का पौधा रोपण किया गया।

### नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल की स्थापना

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायतों के लिये शिकायत सेल का गठन किया गया है। कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 0788-2320601 है। कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्रीमती लता युगल उर्वशा होंगी। इनके सहायक श्रीमती सुवर्षा राव सहायक ग्रेड-2 और श्रीमती रीतू राजपूत सहायक ग्रेड-2 कार्यालय कलेक्टर दुर्ग तथा सहायक सहायक ग्रेड-3 श्रीमती कृति रामटेके कार्यालय आदिवासी दुर्ग होंगे।

### सूचना प्रकोष्ठ का गठन

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में नगरीय निकायों के आम उप निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित जानकारी के संकलन और सम्प्रेषण के लिए जिला कार्यालय में सूचना प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिसके प्रभारी अधिकारी सहायक सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती रीना गजभिये मो. 9407770141 होंगे। सहायक प्रभारी अधिकारी श्रीमती नमिता पन्ना सहायक ग्रेड-2 मो नं 9907840646, श्रीमती शीतल साहू सहायक ग्रेड-3 मो 7828345816 और झुमुक लाल यादव भृत्य मो 9754765442 होंगे।

## चुनाव : रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर रहेगा प्रतिबंधित

# पचास हजार से अधिक की नकद राशि मिलने पर देना होगा ब्यौरा

### आचार संहिता के बीच अब लेनी होगी आयोजन के लिए अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जानकारी दी गई कि, अगर पचास हजार रूपए से अधिक की नगद राशि मिलती है तो लेन-देन की जानकारी देनी होगी। इधर आचार संहिता लगने के दूसरे दिन रात्रि दस से सुबह छः बजे के बीच लाउस्पीकर चलाना प्रतिबंधित कर दिया गया हैं।

एडिशनल एसपी अभिषेक झा ने बताया कि, आयोग के निर्देशानुसार आम लोगों के लिए दस हजार और व्यापारी वर्ग के लिए पचास हजार तक नगदी रखने की छूट हैं, वही इससे अधिक राशि नगद मिलने पर ब्यौरा देना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि, आम निर्वाचन 2024-25 के मद्देनजर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 की धारा 4,5,10 एवं 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में तीव्र संगीत व ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंध कर दिया है। कोई भी व्यक्ति वाहन से कोई ऐसा विद्युत हार्न नही बजाएगा, जिससे सामान्य पैदल चलने वाले व्यक्ति घबरा जाए या जिसे सुनकर क्षोभ या संत्रातकारित हो। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है तथा निर्वाचन कार्य समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।



### आयोजनों के लिए यहां से मिलेगी अनुमति

यदि किसी व्यक्ति को विशेष प्रयोजन के लिए छूट की आवश्यकता हो तो वह संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक से लिखित अनुमति प्राप्त कर सकेगा। अनुमति देते समय शर्ते तथा समय सीमा तय करते हुए अनुमति प्रदान कर सकेंगे। यदि अनुमति दिए जाने के उपरांत संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक उचित समझे कि, शर्तो का पालन नहीं किया जा रहा है तो अनुमति निरस्त कर सकेंगे।



### थानों में जमा करना होगा अस्त्र-शस्त्र

दुर्ग जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दूक, राइफल, भाला, बल्लम, बरछा, लॉठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं, रैली, जूलूस एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनीतिक या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा।

### वाट्सअप में आपत्तिजनक पोस्ट से बचें-कलेक्टर

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने चुनावी तैयारियों को लेकर मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियसों की बैठक ली। इस दौरान वाट्सएप पर किसी भी पार्टी, व्यक्ति, जाति, धर्म के संबंध में किसी भी प्रकार की पोस्ट करने स्वयं भी बचे और अधिनस्थों को भी ऐसा न करने निर्देशित करे। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही निर्वाचन परिणाम तक अधिकारी-कर्मचारी निर्वाचन आयोग के अधीन रहेंगे। कलेक्टर ने अधिकारियों की ड्यूटी आदेश अनुसार सभी को कर्तव्य के बेहतर निर्वहन के निर्देश दिए है। उन्होंने ईव्हीएम, मतपत्र व मतपेटी के समुचित प्रबंध, नामांकन की सभी जगह तैयारी और मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### बगैर अनुमति सभा और रैली पर भी रोक

दुर्ग जिले के नगर पालिक निगम दुर्ग एवं शेष नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा और न ही कोई धरना देगा। यह आदेश शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए लॉठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें शारीरिक दुर्बलताएं, वृद्धावस्था, लंगड़ापन होने के कारण सहारे के रूप में लॉठी रखना आवश्यक होता है। निर्वाचन कार्य संपन्न होने तक दुर्ग जिले में प्रभावशील रहेगा।

## सड़क पर वाहन, यात्री परेशान...



दुर्ग। पोलसायपारा चौक पर ट्रांसफार्मर के पास इंदिरा मार्केट से स्टेशन रोड जाने वाली सड़क काफी संकरी हो जाती है। यहां पर लोग सड़क पर वाहन पार्किंग कर देते हैं। जिससे आवाजाही में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वार्डवासियों ने बताया कि, इस स्थान पर शाम 7 बजे के बाद स्टेशन रोड जाने वाली 10-12 फीट की सड़क मात्र 5 फीट की हो जाती है। इस समय मात्र एक कार या एक जीप ही गुजरने लायक ही स्थान बचता है। बाकी पर पार्किंग बन जाता है। इस समय यहां से एक कार भी गुजर जाए तो पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं रहता। कार गुजरने के बाद ही पैदल चला जा सकता है। जिससे इस ओर से जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां लोग आधी सड़क पर ही वाहन खड़ी कर देते है। जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### श्रीश्वरी देवी जी का प्रवचन 28 से



भिलाई। जगदगुरु कृपालु जी महाराज की वरिष्ठ प्रचारिका सुश्री श्रीश्वरी देवी जी का दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन एवं रसमय संकीर्तन 28 जनवरी से 5 फरवरी तक दुर्ग बैगा पारा स्टेडियम में संध्या 5.30 से 7.30 बजे तक होगा। पूर्व में घोषित तिथि 23 फरवरी में अपरिहार्य कारणों वश परिवर्तन किया गया है। आयोजन समिति ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सनातन वैदिक धर्म के धर्मग्रंथों में हमारे लिये दिये गये आदेश को जानने एवं समझकर अपने जीवन को कृतार्थ करने की अपील की है। डी.एस. मढ़रिया, सदस्य आयोजन समिति, मो.- 8085508558.

## संतों को लेकर रील बनाने पर लगे प्रतिबंध, कुंभ जाने वाहन हो टैक्स फ्री

विशाल व पवित्र महाकुंभ में कुछ व्यक्तियों के द्वारा धर्म का मजाक उड़ाते हुए रील वीडियो बनाकर अनेको साधु संतों का उपहास किया जा रहा है। सनातन धर्म का उपहास उड़ाने वालो के ऊपर कढ़ी कार्यवाही के लिये हिन्दू शक्ति सेवा संगठन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा है।

- महाकुंभ को लेकर यूपी के सीएम योगी के नाम ज्ञापन

जिसमे महाकुंभ में साधु सन्यासियों को उकसा कर क्रोध दिला कर मजाक उड़ाते हुए वीडियो रील आदि बनाने पर कठोर कार्यवाही व उस पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है। साथ ही बॉर्डर पर टैक्स व एंट्री के नाम पर पुलिस वालों की अवैध वसूली के खिलाफ कार्यवाही की बात कही गई है। महाकुंभ के लिए सभी वाहनों को टैक्स फ्री करने की मांग की गई है और साथ ही बुजुर्ग व बच्चों के लिये प्रयागराज वाहन पार्किंग से संगम स्नान तक स्पेशल कॉरिडोर की मांग की गई है। संगठन के संस्थापक तामेश ने बताया कि, कुछ चैनल व यूटूबर द्वारा हिन्दू धर्म को अपमानित करने की कोशिश कर रहे है, ऐसे लोगो पर सरकार को तत्काल कार्यवाही करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा दूसरे राज्यो से आ रहे दर्शनार्थियों से वाहनों से बॉर्डर पर पुलिस वालों के द्वारा आरटीओ चैकिंग व एंट्री के नाम डरा धमका कर पैसा वसूली किया जा रहा है। जिस पर प्रशासन को चाहिए कि, कठोर कार्यवाही करे व साथ ही अन्य राज्यो से आ रहे वाहनों को टैक्स फ्री किया जाए।



### वाहन की भी कराई जाए व्यवस्था

संगठन द्वारा लिखा गया है कि, प्रयागराज में पार्किंग से लेकर संगम स्नान की दूरी लगभग 10 किमी है आने जाने पर यह 20 किमी हो जाता है। बच्चों और बुजुर्गों के लिये यही दूरी बहुत ज्यादा होती है। संगठन के द्वारा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम आवेदन दिया गया हैं।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल- कोहका
तहसील व जिला- दुर्ग
**सीमांकन सूचना**

दिनांकः- 10/01/2025

आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि माननीय तहसीलदार, महोदय दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक श्री प्रकाश चंद्र सांखला पिता श्री स्व. प्रेमराज जी सांखला निवासी महावीर कालोनी - दुर्ग द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला- दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2036/1 रकबा 0.060 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 23/01/2025 को समय से बजे के बीच में सीमांकन किया जाना हैं। जिस किसी हितबद्ध पक्षकारो/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजो के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

न्यायालय नायब तहसीलदार जामगाँव (आर) के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202501101700005/
मामले की श्रेणी- राजस्व
विषयः- अ-27 सन्:-2024-2025
जामगांव आर (प.ह.न. 00050),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- चंद्रकिशोर हेमलता सोमी सृष्टि.
अनावेदक पक्षकार - चन्द्रकिशोर व जीवनलाल,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम जामगांव आर प.ह.नं. 50 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक चंद्रकिशोर पिता जीवन लाल जाति कुर्मी ग्राम जामगांव और तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम जामगांव आर प.ह.नं. 50 रा.नि.मं. जामगांव आर मे स्थित भूमि ख.न. 12, 19/2, 21/2, 180/2, 226/2 285/1, 285/4, 387/2 रकबा क्रमशः 0.78, 1.21, 0.59, 0.15, 0.21, 1.54, 0.45, 0.79 हे. भूमि चंद्रकिशोर पिता जीवन लाल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त कृषि भूमि का बराबर-बराबर हिस्से मे खाता विभाजन कर ऋण पुस्तिका अलग-अलग प्राप्त करना चाहती है। ताकि भूमि संबंधी भविष्य मे किसी भी प्रकार का वाद-विवाद न हो। आवेदिका द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि का वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर रही है तथा आवश्यकता अनुसार अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 178 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 वास्ते खाता विभाजन किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05.02.2025 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
MAMTA TAWARI
नायब तहसीलदार जामगांव
आर तहसील - पाटन

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

# गुड़ की शराब बनाते पकड़ाए 5 आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ग्राम घटियाखुर्द थाना नंदिनी नगर में गुड से अवैध शराब के निर्माण, विक्रय एवं धारण की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी राहुल पारधी, नागेश्वर पारधी, अनिकेत पारधी, बबला पारधी, संजू पवार जाति पारधी, मुंशी राम पारधी के कब्जे से 44.64 लीटर देशी व विदेशी मदिरा जप्त किया गया।

- आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

जिसका बाजार मूल्य 28000 रूपये है। 43 लीटर कच्ची मदिरा गुड़ निर्मित, जिसका बाजार मूल्य 6400 रूपये है एवं 500 किलोग्राम लाहन, जिसका बाजार मूल्य 25000 रूपये है तथा भारी मात्रा में मदिरा निर्माण सामाग्री गैस, चूल्हा, डेचकी आदि जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 10000 रूपये है। इस प्रकार जप्त मदिरा एवं सामग्रियों का कुल बाजार मूल्य लगभग 69400 रूपये है। प्रकरण दर्ज कर 5 आरोपियों को जेल दाखिला किया गया तथा 1 आरोपी मुंशी राम पारधी के विरूद्ध 34 (1) (ख) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। इस दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी निर्मला ठाकुर, पकंज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक अरविन्द साहू, हरिश पटेल, भूपेन्द्र नेताम, प्रियंक ठाकुर, गीतांजलि तारम, कीर्ति ठाकुर, अनामिका टोप्पो, भोजराम रत्नाकर, आबकारी मुख्य आरक्षक सन्तोष दुबे, प्रहलाद सिंह राजपूत, आरक्षक देवप्रसाद पटेल, संदीप तिर्की, चितेश्वरी ध्रुव खुलदीप यादव के साथ संभागीय उड़नदस्ता सहायक जिला आबकारी अधिकारी सी.पी. सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक पाण्डेय एवं ड्राईवर कृष्ण कुमार कोसले रहे।



Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नगर के चौक-चौराहों पर लगे बैनर पोस्टर निकाला

**उतई।** आचार संहिता लगते ही नगर प्रशासन एक्शन मोड पर नजर आई। नगर के चौक चौराहों पर लगे बैनर पोस्टर को नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा निकाला गया। नगर में किसी भी प्रकार से राजनीतिक पोस्टर नजर न आए इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। नगर में 24 फरवरी तक आचार संहिता लागू रहेगी। आगामी 26 जनवरी को किसी जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन की उपलब्धियों पर कोई भाषण देना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

### उदयराम की पुण्यतिथि आज

**सेलूद।** पाटन अंचल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय उदयराम वर्मा की पुण्यतिथि सेलूद में सुबह 10.30 बजे को उनके मूर्तिस्थल पर मनाई जायेगी ।

### देवरी ख में गुहा निषादराज जयंती आज

**अंडा।** ग्राम देवरी (ख) में निषाद समाज के तत्वावधान में 22 जनवरी को भक्त शिरोमणी श्री गुहा निषादराज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि कुंवरसिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही क्षेत्र, अध्यक्ष छग निषाद समाज, अध्यक्षता राजेन्द्र निषाद अध्यक्ष निषाद समाद जि. बालोद होंगे।

### नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम भिंभौरी बेरला टीम भेजकर त्रिलोचन विश्वकर्मा नामक युवक को गिरफ्तार किया। युवक ने जामुल थाना क्षेत्र की नाबालिग को बहला फुसलाकर लेकर गया और उसके साथ अनाचार भी किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा137(2) 87, 64 बीएनएस और पाक्सों एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## निधन

### कलावती देवी

**भिलाई।** प्लाट नं. 3 मैत्रीकुंज भिलाई निवासी कलावती देवी का



निधन 18 जनवरी को डिबरुगढ़ असम में हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 22 जनवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास से रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आर के सिंग की पत्नी और मदन सिंग, पवन सिंग की मां थीं।

### पैट्रिशिया बेक

**भिलाई।** कैथोलिक चर्च सेक्टर 6



निवासी पैट्रिशिया बेक का निधन 21 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे चर्च में प्रार्थना द्वारा प्रारंभ होगी। वे माइकल बेक की पत्नी थीं।

## चेंबर ने टाउनशिप बंद की ली घोषणा वापस

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सांसद को लीज नवीनीकरण के लिए किया आश्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लंबे समय से लीज नवीनीकरण की समस्या से जूझ रहे टाउनशिप के सैकड़ों व्यापारियों को बीएसपी की वसूली की समस्या से थोड़ी राहत मिली है। नवीनीकरण राशि के नोटिस से त्रस्त व्यवसायियों ने सांसद को पूर्व केंद्रीय मंत्री के मिले आश्वासन की जानकारी बाद आज घोषित टाउनशिप बंद के आह्वान को वापस ले लिया है। व्यापारियों ने दोनों नेताओं पर भरोसा जताया है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के व्यवासियों और बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के बीच पिछले कई साल से लीज नवीनीकरण राशि को लेकर विवाद चल रहा है। व्यापारी लीज नवीनीकरण राशि की विसंगतियों को समाप्त करने की बीएसपी व सेल प्रबंधन से मांग कर रहे हैं। लेकिन समस्या निदान नहीं हुआ है। इससे गुस्साएं व्यापारियों ने सेल डायरेक्टर की भिलाई में बैठक को देखते हुए बुधवार को टाउनशिप बंद करने की घोषणा की थी। इस दौरान

**प्रक्रिया के दौरान नवीनीकरण वसूली उचित नही**



सांसद विजय बघेल के पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से लीज समस्या के निदान और मामले में प्रगति की जानकारी मिलने के बाद स्टील चेंबर आफ कामर्स ने टाउनशिप बंद का आह्वान वापस ले लिया है। चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि सांसद विजय बघेल द्वारा रायपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से टाउनशिप की समस्याओं के पर चर्चा करने एवं इस्पात मंत्रालय द्वारा संज्ञान में लेकर लीज नवीनीकरण प्रकरण के निराकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद ने प्रयासों की जानकारी देते हुए टाउनशिप बंद संबंधी घोषणा को वापस लेने का निर्देश भी दिया है। आश्वासन के बाद बंद की घोषणा वापस ले ली गई है।

### प्रबंधन का दबाव अनुचित

चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि प्रबंधन द्वारा धार्मिक शैक्षणिक एवं व्यापारिक संस्थाओं को विश्वास में नहीं लिए जाने से आक्रोश बनाया जा रहा था और नोटिस भेज कर नवीनीकरण बाद में राशि जमा करने का दबाव स्थानीय प्रबंधन द्वारा बनाया जा रहा है। जब इस्पात मंत्रालय इस विषय पर गंभीरता से प्रकरण के निराकरण में जुटा हुआ है ऐसी स्थिति में प्रबंधन द्वारा दबाव बनाया जाना निंदनीय है। जैन ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वह अपने संस्थान को यथावत संचालित करते रहे और बंद संबंधी घोषणा को वापस लिया गया है। टाउनशिप बंदलीज नवीनीकरण और हर माह वसूले जा रही दंड राशि को समाप्त करने की मांग को लेकर भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों की आवश्यक बैठक दोपहर 12 बजे हुई थी। बैठक में बताया गया कि सेल अध्यक्ष सेल बोर्ड के मेंबर भिलाई में बैठक करेंगे। लीज नवीनीकरण की लंबित समस्या के निराकरण के लिए आवाज पहुंचाने बंद को सफल बनाने की अपील चेंबर ने की थी। इस बीच सांसद की पहल पर बंद वापस ले लिया गया।

## भाजपा घोषणा पत्र समिति में रिकेश सहित 10 विधायक शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा में नगरीय निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र में समिति में वैशालीनगर विधायक सहित दस विधायकों को शामिल किया गया है।प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन



साय की सहमति से छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने घोषणा पत्र समिति घोषित की है। घोषणा पत्र समिति में विधायक अमर अग्रवाल संयोजक, विधायक सुनील सोनी सह संयोजक सहित विधायक पुन्नूलाल मोहले, रिकेश सेन, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, प्रबोध मिज, नीलकंठ टेकाम, राजेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, चन्द्रशेखर साहू, मधुसूदन यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, संजय श्रीवास्तव महामंत्री, अनुराग सिंहदेव प्रवक्ता, पंकज झा मीडिया सलाहकार, राकेश पाण्डेय, दीपक म्हस्के, महापौर जगदलपुर सफिरा साहू, अंबिका यदु पूर्व महापौर, शशांक शर्मा संयोजक अनुसंधान नीति, उज्जवल दीपक, हेमंत पाणिग्राही सदस्य बनाए गए हैं।

# बीएसपी अफसर से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 21 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आदित्य बिरला ग्रुप का कर्मी बताकर बीएसपी अफसर से शेयर मार्केटिंग का ट्रेडिंग का झांसा देकर 21 लाख 8 हजार 640 रुपए का ठगी करने का मामला सामने

- आदित्य बिरला ग्रुप का कर्मी बताकर झांसा

आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा धारा 318(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रशियन काम्पलेक्स सेक्टर-7 भिलाई निवासी पांडव चरण राउल बीएसपी में अफसर है। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लालच में 21 लाख 8 हजार 64 रुपए को शेयर खरीदने में लगा दिया। अज्ञात मोबाइल धारक ने पीड़ित को वाट्सअप ग्रुप और फोन किया था। बताए जानकारी के मुताबिक माह भर के भीतर अलग-अलग बैंक खातों में रुपए को ट्रांसफर किया हैं। 23 दिसंबर से 10 जनवरी 2025 के मध्य रुपए ट्रांसफर किए गए है। 13 दिसंबर को पीड़ित के मोबाइल पर कॉल कर स्वयं को आदित्य बिरला ग्रुप का सेबी से रजिस्टर्ड क्वालीफाईड इंस्टीट्यूशनल बॉयर्स बताया और शेयर ट्रेडिंग का काम करने की जानकारी दी थी। कॉलर ने राउल से आनलाईन शेयर ट्रेडिंग पर रूपये इनवेस्ट करने का झांसा दिया लेकिन पीड़ित ने उससे इंकार कर दिया। दो दिन बाद आर्या आनंद नामक व्यक्ति ने राउल को फोन कर स्वयं को उक्त ग्रुप का रजिस्टर्ड बताते हुए कंपनी से कम रेट में शेयर खरीद कर अपने सदस्य को बेचने की जानकारी दी थी। राउल के मोबाइल को एक वाट्सअप ग्रुप से जोड़ा गया। उसके बाद उसे एक लिंक भेजा गया। आनलाईन एकाउंट खोलने के लिए राउल से कहा गया था।

### अलग-अलग खातों से किया रुपए ट्रांसफर

पुलिस ने बताया कि राउल ने लिंक पर क्लिक करते ही अपनी डिटेल्स भर के आन लाईन एकाउंट ओपन हो गया। फिर एक ऐप का लिंक डाउनलोड कराया गया। 23 दिसंबर को फोन कर बीएसपी अफसर को आईसीआईसीआई बैंक के एकाउंट नंबर में 3.50 लाख रुपए जमा करवाए गए। 24 दिसंबर को 2 लाख जमा कर शेयर खरीदने के लिये कहा गया। 30 दिसंबर आईडीएफसी बैंक के में 9 लाख जमा कर शेयर खरीदने को कहा गया था। सारे जानकारी और ऑफर राउल फॉलो करते चले गए। 10 जनवरी 2025 को दोबारा पीड़ित को आईडीएफसी बैंक के एकाउंट में 6 लाख 58 हजार 640 रूपये जमा कराए गए। अब तक राउल शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर लाभ कमाने के नाम पर 21 लाख से अधिक रूपये ट्रांसफर कर चुके थे। लेकिन ठगी होने की जानकारी लगने पर शिकायत पुलिस से किया गया।

## वैशालीनगर के दो वार्डों के लिए आज से नामांकन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 हाउसिंग बोर्ड एवं वार्ड क्रमांक 35 शारदा पारा केम्प 2 में पार्षद चुनाव होंगे। 22 जनवरी से सुबह 10:30 बजे से 3 बजे तक भिलाई निगम के मुख्य कार्यालय में स्थित तहसील कार्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी । नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी निर्धारित है। प्रत्याशी समय अवधि में आकर नियमानुसार अपना नामांकन कर सकते है। शासन द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद निर्वाचन नियमावली के तहत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संपत्ति विरूपण अधिनियम का पालन किया जा रहा है। जिसके तहत दोनो वार्ड क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए राजनैतिक बेनर, पोस्टर, फ्लेक्स की जप्ती तथा दीवार लेखन की पोताई के साथ निगम की टीम कार्यवाही कर रही है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्त, को निर्देशित किये है, कि निजी भवनों में हुए दीवार लेखन को हटाने से पूर्व भवन मालिक से अनुमति पत्र जॉच ले। दोनों वार्ड क्षेत्र में संपत्ति विरूपण अधिनियम अंतर्गत लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जोन कार्यालय का दल लगा हुआ है। कोई भी प्रचार सामग्री जिससे मतदाता प्रभावित हो लगाना निषेध है। यदि कोई राजनैनिक दल या उम्मीदवार लगाना चाहते है तो नियमानुसार निगम भिलाई के राजस्व विभाग, जनगणना शाखा से अनुमति लेनी होगी। अनुमति पश्चात नियमानुसार बैनर, पोस्टर लगा सकते है। यदि व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है या बिना अनुमति के विज्ञापन बोर्ड एवं दीवार लेखन करता है। तो उसके विरूद्व निर्वाचन आयोग के तहत अनुशानात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## कबड्डी में देवरी प्रथम, दौड़ में एकता और सामंत रहे प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विकासखंड स्तरीय खेलकूद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र दुर्ग जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा के दिशा निर्देश पर पाटन ब्लॉक के ग्राम कौही में खेल स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, अध्यक्षता रमन टिकरिहा सभापति जप पाटन, विशेष अतिथि सरपंच मनोरमा टिकरिहा उपस्थित रही। कबड्डी में प्रथम स्थान देवरी की टीम द्वितीय स्थान पर सिलतरा की टीम वहीं 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम एकता यादव, द्वितीय दीक्षा यादव, तृतीय कीर्ति यादव रही। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग प्रथम सामंत निषाद, द्वितीय छत्रपाल पटेल, तृतीय बसंत नेताम रहा। रस्साकस्सी में प्रथम स्थान में मधु मरकाम की टीम और शिवानी साहू की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न युवा मंडल के युवा टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम सफल बनाने में ढाल सिंह साहू, चंदन कुमार, भगवान सिंह निषाद, कमलेश्वर यादव आदि का योगदान रहा।

- विकासखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम आयोजित

## जेएलएन हास्पिटल की टीबी उन्मूलन रैली आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा बुधवार को शाम 5:30 बजे टीबी उन्मूलन रैली निकाली जाएगी। हास्पिटल से प्रारंभ रैली सिविक सेंटर व नेहरू आर्ट गैलरी के समीप कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ड एम रवींद्रनाथ रैली को संबोधित कर जागरुक करेंगे।भारत सरकार की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलय के आह्वान पर चल रहे इस देशव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति नागरिकों को जागरूक करना एवं टीबी को हराने की लिए लोगों के मन में जनचेतना जगाना है। मंत्रालय की पहल पर से 24 मार्च तक टीबी उन्मूलन हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान 100 दिनों में टीबी को जड़ से मिटने के लक्ष्य के साथ विभिन्न प्रकार के पहल किये जा रहे हैं।

## ग्रामीण व शहर की खबरें

### मंदिर व स्कूल के सामने सिवर के पानी से गंदगी



- हुडको संघर्ष समिति ने कलेक्टर से की समस्या निदान की मांग

**भिलाई।** भिलाई महिला कालेज सेक्टर नौ के बाजू से मनोकामना मंदिर होते हुए शंकराचार्य कालेज, स्कंद आश्रम, आमदी नगर विद्या निकेतन,डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने की मुख्य सड़क पर सीवरेज का गंदे पानी बहने के समस्या से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी और दुर्गंध से लोग परेशान हैं। क्षेत्रवासियों ने बीएसपी के नगर सेवा विभाग से समस्या के निदान की मांग की है। डीएवी स्कूल के सामने सड़क पर सीवर का गंदा पानी हमेशा सड़क पर बहता रहता है। कई बार शिकायत करने के बाद भी स्थाई समाधान नही हुआ है। स्थाई निदान की मांग को लेकर हुडको संघर्ष समिति द्वारा कलेक्टर को इस स्थाई समस्या से अवगत कराते हुए बताया की इस सड़क पर यातायात का भारी दबाव रहता है। सुबह से लेकर शाम तक स्कूल कालेज के छात्रों का आवागमन होता रहता है। इसी सड़क पर मंदिर और स्कंद आश्रम भी है, जंहा श्रद्धालुओं का भी निरंतर आना जाना लगा रहता है। हुडको वासियों के भी अवागमन के लिए यही मुख्य सड़क है और अभी बारीश का मौसम भी नही है। इसके बाद भी मुख्य सड़क पर हमेशा से सीवरेज का गंदा पानी बहने से आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। बीएसपी नगर सेवा विभाग द्वारा इसके स्थाई समाधान के लिए कोई पहल नही की गयी। बीएसपी का क्षेत्र है और सीवर लाइन भी बएसपी का है और यंहा स्थित स्कूल कालेज के लिए भी बी एस पी द्वारा ही भूमि आबंटित की गयी है। नगर सेवा विभाग से स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई है।

### गोमांस के आरोपियों के मकान पर चले बुलडोजर



- बजरंग दल ने किया प्रदर्शन
- थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन
- अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की

**भिलाई।** गोमांस मामले में आरोपियों का मकान, संपत्ति जब्त कर बुलडोजर की कार्रवाई करने की मांग को लेकर थाना सुपेला में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया है। इस दौरान फरीद नगर हड्डी गोदाम के पास घर में अब्बास व राजा नामक युवकों द्वारा गौ हत्या कर मांस बेचते थे। इनके द्वारा हड्डी व चमडे का बड़ा अवैध कारोबार यहां करने का आरोप दल के कार्यकर्ताओं ने लगाया है। घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों द्वारा लंबे समय से यहां यह अवैध कारोबार किया करते थे। बजरंगदल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उक्त मांस को कुछ होटलों में मटन, बिरयानी में मिलाकर हिन्दुओं को खिलाया जा रहा है। प्रदेश में इन सब चीजे प्रतिबंधित होने के बाद भी सुपेला क्षेत्र में अर्से से कारोबार चल रहा था।

### चरोदा में हुआ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह का चरोदा में जोरदार स्वागत किया गया। चरोदा क्षेत्र में पहली बार नगर आगमन पर ढोल नगाडों के साथ कार्यकर्ताओं मे फूल मालाओं स्वागत किया। इस दौरान विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा और चरोदा मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, चंद्र प्रकाश पांडे, परमजीत सिंह, जी रामा रेड्डी ,रामा रेड्डी, राजेश मौर्य, डी वेंकट,कमल जांगड़ा मौजूद थे।

### शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की



**भिलाई।** वासुपल्ली परिवार और ईष्ट मित्रों की सुख-समृद्धि के लिए पावर हाउस भिलाई श्री राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में स्थित शिवलिंग पर 31 लीटर दूध से दुग्धाभिषेक किया गया। परिवार ने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना किया कि सभी को सभी को सुख समृद्धि से परिपूर्ण रखे।

## बिजनेस साइट

### कम्प्रेसर से मलाशय में भर दी हवा, गंभीर हालत में पहुंचाया हाइटेक



**भिलाई।** रसमड़ा की एक औद्योगिक इकाई में शरारत के चलते एक व्यक्ति मरणासन्न हो गया। दोस्तों ने कम्प्रेसर से अपने ही सहकर्मी के मलाशय में हवा भर दी। इससे उसका पेट फूल गया और सांस रुकने लगी। उसे तत्काल एक अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे तत्काल हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल रिफर कर दिया गया। हाइटेक के विशेषज्ञों ने बड़ी मुश्किल से उसकी जान बचाई। मामले में पुलिस ने एमएलसी दर्ज किया है। एमएलसी के अनुसार 43 वर्षीय इस औद्योगिक कर्मचारी के मलाशय में कम्प्रेसर से किसी ने हवा भर दी। इससे मरीज का मलाशय फट गया और पेरीटोनियम में अत्यधिक दबाव के साथ हवा भर गई। पेरीटोनियम वह झिल्ली है जो पेट और श्रोणी के अंदर की परत को ढंकती है। इसमें दबाव बढ़ने के कारण मरीज का डायफ्राम ऊपर की तरफ तन गया और हृदय तथा फेफड़ों पर दबाव डालने लगा। हाइटेक के लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नवील शर्मा ने बताया कि सबसे पहले मरीज के पेट से कम्प्रेस्ड हवा को निकालने जरूरी था। हवा निकालते ही मरीज की तकलीफें कम हो गईं और वह सांस लेने लगा। इसके बाद लैप्रोस्कोप से ही उसके गुदा द्वार और मलाशय की मरम्मत कर दी गई। मरीज को एक सप्ताह बाद छुट्टी दे दी गई। डॉ. शर्मा ने बताया कि फिलहाल मल त्याग के लिए एक अलग जगह बना दी गई है। तीन माह बाद इसे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद मरीज अपने स्वाभाविक जीवन में लौट जाएगा। उन्होंने बताया कि यह एक विलक्षण केस था जिसमें पूरी ट्रॉमा टीम ने मिलकर काम किया।

## कुम्हारी कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक के बाद पालिका चुनाव संयोजक और वार्ड पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बीते दिनों वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में कार्यकर्ता बैठक आहुत की गई जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कुम्हारी नगर पालिका परिषद चुनाव प्रभारी धनेश पाटिला अविभाजित मध्यप्रदेश पूर्व मंत्री एवं दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्मल कोसरे, वरिष्ठ कांग्रेसी पवन अग्रवाल उपस्थित रहें। बैठक में आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं में एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने एवं कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने की कार्य योजना पर मंत्रणा की गई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में समस्त कार्यकर्ताओं को चुनाव में बेहतर प्रदर्शन दोहराने के साथ आला हाईकमान द्वारा नियुक्त उम्मीदवारों को समर्थन देने की बात कही। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, स्वप्निल उपाध्याय, पूर्व उपाध्यक्ष के.रवि कुमार पूर्व पार्षद मनहरण यादव, थनेश पटेल, यूजेन्द्र साहू, राकेश कुर्रे, प्रमोद चंद्राकर, ओमनारायण वर्मा आदि उपस्थित थे।

### दिग्गज कांग्रेसी नेताओं को बागडोर सौंपी

कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष निर्मल कोसरे द्वारा कुम्हारी नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में नगर पालिका परिषद चुनाव संयोजक कौशल चंद्राकर एवं वार्ड पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। बता दे कि नगर में कांग्रेस पार्टी के चुनावी गतिविधियों में अहम भूमिका निभाने के उद्देश्य से ही पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस चुनावी संग्राम में नगर निगम भिलाई-चरोदा के पार्षदों के अलावा दिग्गज कांग्रेसी नेताओं को बागडोर सौंपी गई है। जिसमें 24 वार्डों में चौबीस पर्यवेक्षकों नियुक्ति किये गए है जिसमें धर्मेंद्र कोसरे, संतोष तिवारी, पप्पू चंद्राकर,उपेंद्र पाल, कृष्णा चंद्राकर, मनोज डहरिया, दीप्ति आशीष वर्मा, मोहन साहू, नरेंद्र वर्मा, राम सूर्यवंशी, सुजीत बघेल, एस वेंकट रमन्ना, सन्तोषी निषाद, देवकुमारी भलावी के अलावा लावेश मदनकर, गिरजाशंकर बंछोर के नाम शामिल है।

**विवाधकों के लिए स्थिरिकरण समंस (आदेश 5 नियम 1 और 5 )**

**न्यायालय – श्री आर के जैन, मान. अति. प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, इंदौर**

हि. वि. प्रकरण क्र. 1693/2024
पेशी दिनांक- 25/02/2025

अनुग्रह जोशी पिता श्री गोपाल जोशी, आयु 35 वर्ष,
व्यवसाय – वकालत, निवासी- 19 / 2, नार्थ हरसिद्धी, इंदौर (म.प्र.) .............. प्रार्थी

विरुद्ध

श्रीमती पायल जोशी पति श्री अनुग्रह जोशी (पुत्री श्री विजय कुमार देशमुख), आयु 30 वर्ष
व्यवसाय - एयरहोस्टेस, निवासी- ब्लॉक नंबर 6 एच, स्ट्रीट नंबर 14/ए, सेक्टर 2,
बिलाई 1, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ .......... विपक्षी


**प्रेषिती**

श्रीमती पायल जोशी पति श्री अनुग्रह जोशी (पुत्री श्री विजय कुमार देशमुख) आयु-30 वर्ष, व्यवसाय-एयरहोस्टेस, निवासी- ब्लॉक नंबर 6 एच, स्ट्रीट नंबर 14 / ए, सेक्टर 2, बिलाई 1, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ

प्रार्थी ने आपके विरुद्ध धारा 13-1 (1-क) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह विच्छेद हेतु याचिका प्रस्तुत की गई है, जिसका प्रकरण क्रमांक 1693/2024 (अनुग्रह जोशी विरुद्ध श्रीमती पायल जोशी) है। आपको इस न्यायालय में तारीख 25/02/2025 को दिन में 11 बजे उक्त याचिका का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समंस किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं उपस्थित हो। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है, कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखित करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें। जिन पर आप की प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रतिवष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है, कि यदि आप समंस में उल्लेखित तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होगें तो याचिका की सुनवाई और निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा। उक्त दिनांक को किसी कारणवश न्यायालय में अवकाश हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो या न्यायालय रिक्त हो तो प्रकरण आगामी दिनांक को सुनवाई हेतु लिया जाएगा। यह आज दिनांक 11-01-2025 को मेरे हस्ताक्षर के और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**(आर. के. जैन)**
प्रधान न्यायाधीश के अति. न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, इन्दौर, म.प्र.


कलयुग सम्राट
राजसूय महायज्ञ
मूल मंत्र- ॐ नमो भगवते वासुदेवाय
1 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2025
प्रकृति, माया, शक्ति से निर्मित
सभी इनके आधीन है
॥ पितरों का भी हो जाता है मोक्ष ॥
यज्ञाहुति समय
प्रातः 11:00 बजे से
दोपहर 01:00 बजे तक
श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे पार्श्वे
नक्षत्राणि रूपमशिवनौ व्यात्तम् ।
इष्णन्निषाणामुं म इषाण।
सर्वलोकं म इषाण ।।२३।।
हे प्रभो ! श्रीदेवी और लक्ष्मी देवी ये आपकी पत्नियाँ हैं
दिन और रात्रि आपके पार्श्व हैं, नक्षत्र आपके रूप हैं, पृथ्वी, स्वर्ग
मुख विकास है। हमें आप प्यार करते हैं, इसलिए हमारा अभ्युदय
चाहोगे। मैं सर्वलोकात्मक हो जाऊँ ऐसी प्रार्थना है।
तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी
निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर
7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि
जिसकी लागत एक लाख
एक हजार करोड़ रुपये होगीं
इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी
है प्रीत जहाँ की रीत सदा
मैं गीत वहां के गाता हूं
भारत का रहने वाला हूँ
भारत की बात सुनाता हूँ...
विशेष
२६ जनवरी २०२५
उतार चढ़ाव बरा कढ़ही
संत श्री माता जी
संस्थापक
तीर्थराज देवि निकुंभला
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)
कविता वासनिक
अनुराग धारा राजनांदगाव का
सांस्कृतिक कार्यक्रम
दिन-रविवार 26 जनवरी 2025
शाम 4:50 बजे से रात 11 बजे तक
तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम। एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम॥
क्रमशः

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129



04



बदलता मौसम


## लाइव इवेंट

### देवांगन समाज ने ऐतिहासिक भूतेश्वर महादेव के किए दर्शन, राजीव लोचन मंदिर का किया भ्रमण



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल भूतेश्वर महादेव गरियाबंद एवं राजीव लोचन मंदिर राजिम का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। देवांगन समाज के लोग सपरिवार स्पेशल बस से अपनी संस्कृति को जानो अभियान के तहत भ्रमण के लिए रवाना हुए। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं भ्रमण प्रभारी जुगल किशोर देवांगन के नेतृत्व में समाज के लोग इसके पूर्व भी धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के स्थलों भोरमदेव, सिरपुर, अयोध्या, तुरतुरिया आदि का भ्रमण कर चुके हैं। अध्यक्ष देवांगन ने बताया कि देवांगन समाज के लोगों को प्रदेश एवं देश की संस्कृति को जानने एवं समझने के लिए उन्हें प्रसिद्ध धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों का भ्रमण कराने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि पर्यटन से मनोरंजन के साथ ही नई नई जानकारियां देखने और सीखने को मिलती हैं। पर्यटन से अपनी संस्कृति और विरासत को जानने समझने का अवसर मिलता है। गरियाबंद के जंगल में स्थित विशाल शिवलिंग भूतेश्वर नाथ महादेव को विश्व का प्राकृतिक रूप से निर्मित विशाल शिवलिंग माना जाता है, जिसका आकार दिनों दिन बढ़ते ही जा रहा है। स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि अभी इसकी ऊंचाई लगभग 80 फीट और परिधि 290 फीट है।

- सामाजिक एकजुटता के लिए देवांगन जनकल्याण समिति का आयोजन

#### त्रिवेणी संगम भी पहुंचे, मामा-भांजा मंदिर भी देखा

छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज राजिम में पर्यटन ग्रुप ने महानदी, पैरी एवं सोंढूर नदी का त्रिवेणी संगम, कुलेश्वर महादेव, मामा भांजा मंदिर, राजीव लोचन मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, राजिम भक्तिन माता मंदिर आदि दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर दर्शन लाभ लिया। बस में सफर के दौरान मनोरंजन गीत-संगीत का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सचिव विनोद देवांगन, त्रिलोक देवांगन, पर्यटन प्रभारी जुगल किशोर देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, त्रिलोक देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, सत्यपाल देवांगन, राजू देवांगन, जनार्दन देवांगन, गोवर्धन देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, कन्हैया देवांगन, लक्ष्मी नाथ, सत्येन्द्र राजापूज्या, हरीश देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### सेक्टर 9 हनुमान मंदिर परिसर में बड़े साउंड सिस्टम के उपयोग पर रहेगी रोक, निर्णय



**भिलाई।** सेक्टर 9 हनुमान मंदिर ट्रस्ट माधव प्रसाद-गजरा बाई ट्रस्ट की विशेष बैठक पुजारियों और बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के साथ हुई। बैठक में मंदिर ट्रस्ट को दर्शनार्थियों और भक्तो से लगातार मिल रही शिकायत पर चर्चा की गई। इसमें कहा गया कि मंदिर के दोनों कपाट के पास पंक्ति बनाकर भक्त प्रवेश करते हैं। इसी जगह पर अस्थाई मंच बनाकर और कुर्सियां रखकर मंदिर परिसर के गर्भगृह के समीप कुछ आयोजन किए जा रहे हैं। बड़े ध्वनि विस्तारक यंत्रों का अत्यधिक प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही उसी मंच से रात्रि में ही भगवान का अभिषेक कर दिया जा रहा है। ट्रस्ट के सदस्य क्षितिज चंद्राकर ने इस पर आपत्ति की। उन्होंने बताया कि सेक्टर 9 हनुमान मंदिर परिसर के अंदर प्रारंभ से ही बिना माइक या साउंड बॉक्स के धार्मिक कार्य होते आया है, लेकिन विगत कुछ समय से कुछ समूह अपनी राजनीति चमकाने और आडंबर के लिए ऐसे आयोजन सीधे मंदिर के अंदर गर्भगृह के निकट कर रहे हैं। स्वयं के फ्लेक्स लगाए जा रहे हैं। भगवान के मंदिर का प्रयोग आस्था के लिए नहीं अपितु स्वयं का चेहरा चमकाने या श्रेय लेने के लिए किया जा रहा है। मंदिर के ठीक पीछे अस्पताल की सीमा है। जहां से प्रतिदिन मरीज और उनके परिजनों का आना-जाना लगा रहता है। यह भी बड़ा कारण है कि उक्त सीमा में बड़े साउंड बॉक्स का बजना पहले से ही निषेध रहा है।

- बैठक में माधव प्रसाद-गजरा बाई ट्रस्ट से जुड़े पुजारी, बीएसपी के अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल

#### व्यक्तिगत और राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होंगे

बैठक में तय किया गया कि मंदिर परिसर में व्यक्तिगत और राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होंगे। मंदिर सियाराम और हनुमान के जयकारों से गुंजायमान होते रहना चाहिए। यहां किसी भी प्रकार की ब्रांडिंग नहीं चलेगी। मुख्य पुजारी हनु तिवारी ने कहा कि गर्भगृह से सटाकर बड़े मंच और बड़े साउंड बाक्स से भक्तों को पूजा पाठ करने में परेशानी आती है। बीएसपी प्रबंधन से निवेदन है कि जिस प्रकार आम जनता के वाहन का प्रवेश एक निश्चित जगह के बाद बंद कर दिया जाता है। वैसी ही समानता सभी लोगो के लिए रहे। ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र बंछोर ने कहा कि ऐसे आयोजन निश्चित तय सीमा के बाहर कराया जाना चाहिए,, जिससे आम जनता, भक्तों और सेक्टर 9 अस्पताल में आने वाले मरीजो को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

- ट्विनसिटी से महाकुंभ प्रयागराज जाने वालों की संख्या बढ़ी, 25 से 28 जनवरी के बीच 50 हजार से ज्यादा पहुंचेंगे

# मौन व्रत वाली अमावस्या 29 को, यह ऋषियों और पितरों की पूजा का पर्व, ब्रह्म मुहूर्त में स्नान-दान पुण्य फलकारी

महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर शाही स्नान का विशेष महत्व है, जो 29 जनवरी को मनाया जाएगा। इसे लेकर मान्यता है कि ब्रह्म मुहूर्त में दान-स्नान से हर मनोकामना पूरी होती है। इन दिनों महाकुंभ प्रयागराग में हो रहा है, इस वजह से लोगों में शाही स्नान के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। दुर्ग-भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग अलग-अलग माध्यमों से प्रयागराग पहुंचेंगे। धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने बताया कि 25 से 28 जनवरी के बीच जिले से 50 हजार से ज्यादा लोग प्रयागराज पहुंचने वाले हैं। मौनी अमावस्या के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान और दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है, जो 29 जनवरी की सुबह 5:25 बजे से 6:19 बजे तक रहेगा। इस दिन चंद्रमा और सूर्य मकर राशि में होंगे, जिससे मौनी अमावस्या का महत्व और बढ़ जाएगा।



**भिलाई।** ज्योतिषार्य, भगवताचार्य पं. लाखेश्वर पांडेय बताते हैं कि मौनी अमावस्या में मौन रहना एक आध्यात्मिक साधना है, जो आत्मा की शुद्धि और मन की शांति के लिए लाभकारी है। इस दिन तिल, अन्न, वस्त्र, और धन का दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है, जिससे जीवन में सुख और समृद्धि आती है। माघ मास की अमावस्या है। इसे मौनी अमावस्या कहा जाता है।

इस पवित्र तिथि पर मौन रहकर या फिर मुनियों की तरह रहकर स्नान-दान करने का विशेष महत्व है। इस माघी मौनी अमावस्या को धर्म शास्त्रों के अनुसार सूर्योदय के साथ ही गंगा या अन्य पवित्र नदियों में स्नान को पवित्र माना गया है। इस बार की मौनी अमावस्या बुधवार को पड़ रही है। इस दिन मौन धारण करने से आध्यात्मिक विकास होता है। इसी कारण ये मौनी अमावस्या कहलाती है। इस दिन मनु ऋषि का जन्म दिवस भी मनाया जाता है। ऋषियों और पितरों के निमित्त की गई पूजा, जलार्पण और दान करने के लिए ये महापर्व उत्तम फलदायी होता है। ये अमावस्या इस बार इसलिए खास मानी जा रही है, क्योंकि इस दिन शनिवार है। इस तिथि और वार दोनों के ही अधिपति देवता स्वयं शनि हैं। जो कि आज अपनी ही राशि, कुंभ में मौजूद है।

मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान-दान और पितरों को तर्पण करने से भी अधिक महत्व मौन धारण कर पूजा-उपासना करने का है, जिसका कई गुना पुण्य फल मिलता है। खास कर मौन साधना जहां मन को नियंत्रित करने के लिए होती है, वहीं इसे करने से वाक शक्ति भी बढ़ती है। पंडितों का कहना है कि जिन लोगों के लिए पूरा दिन मौन धारण करना मुश्किल है वे सवा घंटे का भी मौन व्रत रख लें, तो उनके विकार नष्ट होंगे और एक नई ऊर्जा मिलेगी।

### मौन रहने से मन और वाणी में होता है ऊर्जा का संचय

पं. लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि मौन रहने से मन और वाणी में ऊर्चा का संचय होता है। इसलिए कुछ समय मौन अवश्य रखना चाहिए। मौन रहने से हमारे मन व वाणी में ऊर्जा का संचय होता है। इस दिन अपशब्द नहीं बोलें। मौन रहकर ईश्वर का मानसिक जाप करने से कई गुना ज्यादा फल मिलता है। श्राद्ध करने और पीपल में जल चढ़ाने का विधान डॉ. मिश्र के मुताबिक अमावस्या तिथि के स्वामी पितर माने गए हैं इसलिए माघ महीने की मौनी अमावस्या पर पितरों की शांति के लिए तर्पण और श्राद्ध करने का विधान है। जिससे पितृ दोष में राहत मिलती है। इस दिन पीपल के पेड़ को जल अर्पित करना चाहिए। पीपल को अर्पित किया गया जल देवों और पितरों को ही अर्पित होता है। इसकी वजह ये है कि पीपल में भगवान विष्णु और पितृदेव विराजते हैं। इस दिन पीपल का पौधा रोपा जाना मंगलकारी होता है। पीपल की पूजा-अर्चना करने से कई गुना फल मिलता है।



### मौनी अमावस्या का जिक्र राम चरित मानस में भी

ज्योतिषाचार्य लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि मोनी अमावस्या का जिक्र राम चरित मानस में भी आया है। माघ मकरगति रवि जब होई, तीरथपतिहि आव सब कोई।। देव दनुज कि न्नर नर श्रेणी, सादर मज्जहिं सकल त्रिवेणी।। अर्थात माघ मास में जब सूर्य मकर राशि में होता है, तब तीर्थ पति यानी प्रयागराज में देव, ऋषि, किन्नर और अन्य गण तीनों नदियों के संगम में स्नान करते हैं। प्राचीन समय से ही माघ मास में सभी ऋषि मुनि तीर्थ राज प्रयाग में आकर आध्यात्मिक-साधनात्मक प्रक्रियाओं को पूरा कर वापस लौटते हैं। महाभारत में भी इस बात का जिक्र है कि माघ मास के दिनों में अनेक तीर्थों का समागम होता है।

## कामधेनु यूनिवर्सिटी में सेवारत प्राध्यापकों और कर्मचारियों को अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में मिला सम्मान

**भिलाई।** कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित किया गया। 39वें स्थापना दिवस के अवसर पर नेशनल एग्रीकल्चर डेवलपमेंट कापरेटिव लिमिटेड बारामुला जम्मू कश्मीर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन कृषि मंत्री रामविचार नेता ने किया। आयोजन में विधायक धरसींवा अनुज शर्मा, विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पाटन के कुलपति डॉ. रविरत्न सक्सेना, पूर्व कुलपति डॉ. यूके मिश्रा, पी. कमरुद्दीन शाह नेशनल एग्रीकल्चर डेवलपमेंट कापरेटिव लिमिटेड बारामुला के निदेशक डॉ. विवेक त्रिपाठी, सह-अनुसंधान निदेशक डॉ. राजेंद्र लाकपाले उपस्थित थे। इस सम्मेलन में नेताम को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कामधेनु विश्वविद्यालय में कार्यरत सहा. प्राध्यापक डॉ. रुक्मणि देवांगन को वूमेन साइंटिस्ट अवार्ड, सहा. प्राध्यापक रामचंद्र रामटेके को यंग साइंटिस्ट अवार्ड, डॉ. गोविना देवांगन को आउटस्टैंडिंग बेस्ट माइक्रोबायोलॉजिस्ट एवं यंग साइंटिस्ट अवार्ड, सह-प्राध्यापक डॉ. श्रद्धा नेटी को वुमेन साइंटिस्ट अवार्ड, मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा में कार्यरत सहा.प्राध्यापक डॉ. दुष्यंत दामले को उत्कृष्ट कार्य के लिए बेस्ट फिशरीज साइंटिस्ट अवार्ड स्नातकोत्तर अध्यनरत छात्रा डॉ. अलीशा को यंग वूमेन साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।





## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ता महाकुंभ पहुंचने वाले भक्तों की सेवा के लिए रवाना

**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं के सेवार्थ सारनाथ एक्सप्रेस से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं का यह जत्था परिषद के प्रदेश अध्यक्ष निखिल कुमार के नेतृत्व में दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ है। कार्यकर्ताओं को विदाई देने बड़ी संख्या में धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी रेलवे स्टेशन पहुंचे। जिससे रेलवे स्टेशन जय श्रीराम और जय महाकाल के जयघोष से गूंजयमान रहा। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष निखिल कुमार ने बताया कि परिषद द्वारा महाकुंभ प्रयागराज में श्रद्धालुओं के सेवार्थ भव्य पंडाल लगाया गया है। श्रद्धालुओं के सेवार्थ परिषद के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर दुर्ग जिले समेत पूरे छत्तीसगढ़ में घर-घर जाकर 16 लाख की दान राशि व सामग्री एकत्रित की गई है। उक्त दान राशि व सामग्री श्रद्धालुओं के सेवार्थ पंडाल में परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों को सौपी जाएगी।प्रदेश अध्यक्ष निखिल कुमार के साथ निधि कुमार, सपन बहाल, डॉ. नीरज शर्मा, साई कृष्णन व अन्य पदाधिकारी प्रयागराज रवाना हुए हैं। उन्हें विदाई देने रेलवे स्टेशन में अधिवक्ता संतोष यदु, धीरेंद्र बघेल, अजय सुरपाम के अलावा अन्य धार्मिक संगठन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में लगाए 72 कैम्प, 3661 यूनिट ब्लड किया कलेक्ट

**कार्नर न्यूज**

# ब्लड डोनेट के मामले में दुर्ग लगातार दूसरे साल अव्वल, डॉक्टरों का मानना रक्तदान से कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव

**दुर्ग।** दुर्ग जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक ने लगातार दूसरे साल रक्तदान और कलेक्शन का रिकार्ड बनाया है। जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 के मध्य जिला अस्पताल के सौजन्य से 72 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इसमें 3661 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। बता दें कि वर्ष 2023-24 में जिला अस्पताल ने 59 शिविरों में 3902 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया था। उस साल भी छत्तीसगढ़ में यह सबसे ज्यादा रहा। प्रदेश के 33 जिलों में 27 में ब्लड बैंक हैं, जहां शिविरों के माध्यम से ब्लड कलेक्ट किया जाता है। इस कार्य में दुर्ग जिला अस्पताल पूरे प्रदेश में टॉप पर है। सेंटरों में नियमित रूप से शिविर के माध्यम से ब्लड कलेक्ट किया जाता है। इसे लेकर दुर्ग जिला अस्पताल को पहले भी सम्मानित भी किया जा चुका है। 2023-24 में रायपुर दूसरे नंबर पर रहा। जहां 58 शिविरों में करीब 2800 यूनिट कलेक्ट किया गया था। 2024 में रायपुर में ब्लड कलेक्शन दुर्ग से कम बताया गया है। जिला नोडल डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने इसकी जानकारी दी है। विगत दो वर्षों से दुर्ग जिला रक्त केंद्र ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने के मामले में पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान रहा है। डॉ. अग्रवाल बताते हैं कि वे शिविरों को लेकर स्वयं गंभीर हैं। नियमित रूप से समाजसेवी संस्थाओं, लोगों और सेना के अधिकारियों के संपर्क में रहते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए।



### ब्लड बैंक दे रहा 24 घंटें अनवरत सेवाएं, हर जरुरतमंद को ब्लड

डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर, सीएमएचओ और सीएस के निर्देशन में पूरी टीम 24×7 वर्क करती है। सभी के सहयोग से यह मुमकिन हो पाया है। रक्तदान करने वाला व्यक्ति स्वस्थ होता है, क्योंकि जांच करके ही इसकी अनुमति दी जाती है। रक्तदान वही कर सकता है, जिसके शरीर में खून 12.5 ग्राम से अधिक हो। वे लगातार लोगों के हेल्थ की काउंसिलिंग कर रहे हैं। रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने रक्तदान को लेकर बताया कि ब्लड डोनेट करने से हार्ट अटैक, कैंसर जैसी बीमारियां होने की आशंका कम हो जाती है। इसके अलावा कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड भी मेनटेन रहता है। एक हजार आबादी में 10 लोगों को खून की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि 18 से 65 साल का स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

### पुरुष हर तीन महीने में एक बार और महिलाएं चार महीने में कर सकती हैं रक्तदान

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पुरुष तीन महीने तो महिला चार महीने में एक बार रक्तदान कर सकती है। जिनके शरीर में 16 या 17 ग्राम हो जाता है, उन्हें डोनेट कर देना चाहिए और खून की जांच करा लेनी चाहिए। इससे संभावित बीमारी की जानकारी मिल जाती है। अधिक खून होना भी गंभीर बीमारी का संकेत है। एक यूनिट रक्तदान करने से चार-पांच मरीजों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने से स्वास्थ्य को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि फायदा ही होता है। रक्तदान करने से कमजोरी होनी की बात पूरी तरह बेबुनियाद है। रक्तदान करने से नए सेल बनते हैं। हर तीन महीने में रक्तदान किया जा सकता है। पुरुष तीन तो महिलाएं चार महीने में एक बार रक्तदान कर सकती हैं। रक्तदान करने में कोई नुकसान नहीं है। इसके कई फायदे हैं।

#### जरुरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा ब्लड, डायलिस वालों को भी दिया जा रहा

जिला अस्पताल से हर जरुरतमंद को ब्लड दिया गया। विशेष रूप से डायलिसिस, सिकलीन, थैलीसीमिया जैसी बीमारी से ग्रसित लोगों को ब्लड दिया जा रहा है। वर्तमान में दुर्ग जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में लगभग सभी ग्रुप के ब्लड उपलब्ध हैं। रियर ग्रुप के निगेटिव ब्लड भी बैंक में उपलब्ध है। डिमांड के अनुरूप ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। कुछ ऐसे व्यक्तियों को भी तैयार रखा गया है, जो जरूरत पड़ने पर तत्काल ब्लड डोनेट करें। मुख्य रूप से जिला अस्पताल में गर्भवती, सिकलीन, थैलीसीमिया जैसी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है।

## सिटी इवेंट

### व्यापार महोत्सव में स्टार्टअप फंड रेजिंग और डिजिटल मार्केटिंग की दी जानकारी




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में व्यापार महोत्सव का आयोजन 16 से 19 जनवरी तक किया गया। इस महोत्सव में प्रतिदिन कार्यशाला के माध्यम से स्टार्टअप फंड रेजिंग एवं डिजिटल मार्केटिंग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, गार्गी शंकर मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। आयोजन के अंतिम दिन कुटुंब प्रबोधन पर चर्चा में छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजक कुटुंब प्रबोधन हरिओम शर्मा, विनीता भावनानी, डॉ शमा हमदानी, नवी मोनिका पांडे, डॉ हंसा शुक्ला, पायल जैन का स्वागत गीता वर्मा, सरोजिनी पाणिग्रही, सुषमा जेठानी, सुमन कन्नोजे, सविता शर्मा, पुष्पलता कर, रश्मि वर्मा, सुनीता सोनी और पूजा वर्मा ने किया। सुब्बुलक्ष्मी शेखरण, उर्वशी दास, विजयलक्ष्मी शाह, माधुरी पाराशर, टीना सातपुते, लक्ष्मी, हरप्रीत कौर बग्गा, अमिता जैन, संध्या महापात्रा, रुचि शर्मा, प्रतिमा पारधी ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कुटुंब प्रबोधन पर चर्चा में परिवार में बेटी से बहू, मां से सास की भूमिका परिवार और व्यापार में महिला का सामंजस्य, डिप्रेशन एवं कुटुंब प्रबोधन की आवश्यक विषय पर सार्थक चर्चा की गई। कार्यक्रम में संजू साहू, राजेश्वरी राव, जय श्री, राधिका, जुली साहू, आशा अग्रवाल, भारती देशमुख, मिनती रथ, प्रीति देशमुख, सुनीता सिंहा, राजकुमारी, दमयंती सोनी विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमन कन्नौजे ने किया।

## छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंची राजयोगिनी चंद्रिका

# जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि, इस चक्र रूपी ड्रामा में विश्वास रखें, यह सबके लिए न्यायकारी, एक्यूरेट, पॉजिटिव और परफेक्ट है: चंद्रिका दीदी

**भिलाई।** परमात्मा संपूर्ण है, तो इस शरीर द्वारा कार्य कराने वाली हमारी आत्मा, परमात्मा की संतान सर्व शक्तियों से संपन्न है। समान, संपूर्ण, सतोप्रधान स्थिति को धारण करने संकल्पबद्ध होना है। यह बातें अहमदाबाद से भिलाई पहुंची युवा, कला एवं संस्कृति प्रभाग की अध्यक्षा चंद्रिका बहन ने सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कही। अंतर्राष्ट्रीय परियोजना वैश्विक संस्कृति, प्रेम और सद्भावना के कार्यक्रमों के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर आई राजयोगिनी चंद्रिका दीदी ने बच्चों को भी संबोधित करते हुए आगे बढ़ने प्रेरित किया। इस दौरान डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने मनमोहक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी।



### दूसरों के साथ रखें स्नेह युक्त व्यवहार

दूसरों के साथ हमारा व्यवहार स्नेह युक्त निस्वार्थ सम्मानित होना चाहिए। जब आपका मन पूर्ण शांत, प्रेम स्वरूप है तो आप की शक्तियां दूसरों को प्राप्त होकर उनके परिवर्तन का आधार बनेगी। इस दौरान चंद्रिका बहन ने सभी को अच्छी बातों को जीवन में तुरंत आत्मसात करने की दृढ़ प्रतिज्ञा कराई। कार्यक्रम के दौरान डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी हेमलता बहन ने चन्द्रिका बहन का आभार व्यक्त किया।

### नृत्य कर दिखाया सभी परमात्मा की संतान...



चंद्रिका दीदी ने जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि के बारे में बताया कि दूसरों में भी परमात्मा की संतान देखने का अभ्यास करना है, ये श्रेष्ठ संपन्न सम्पूर्ण आत्मा है। जितना दूसरों के श्रेष्ठ स्वरूप को देखेंगे, उतनी ही ज्यादा श्रेष्ठता दिव्यता स्वयं में आयेगी। हमें भगवान की नजरों से सभी में अच्छाई ही देखना है। परमात्मा सदा हमारे साथ रहने के लिए जन्म मरण में नहीं आता। इसलिए सदा शिव है। वो मेरे लिए सदा हाजिर है। दिल से कहो तो हमारी हर बात सुनेगा। सृष्टि चक्र रूपी ड्रामा में निश्चय रखे, यह सबके लिए न्यायकारी, कल्याणकारी, एक्यूरेट, पॉजिटिव, परफेक्ट है। जो हो गया अच्छा, जो भी हो रहा है बहुत अच्छा, जो होने वाला है वो भी बहुत अच्छा है, क्योंकि सृष्टि चक्र रूपी ड्रामा परफेक्ट, पॉजिटिव है। सृष्टि चक्र कर्म के फल के आधार पर चल रहा है।

### पॉजिटिव संकल्प में ताकत है

इस जीवन में एग्जाम भी खुद दो, पेपर भी खुद चेक करो, नंबर भी खुद दो। तब स्वयं में परिवर्तन होगा। सम्पूर्ण सकारात्मक व्यक्तित्व के लिए उन्होंने कहा कि भूतकाल, वर्तमान और भविष्य के लिए सदा पॉजिटिव रहे। जीवन में छोटी बड़ी भूलो से शिक्षा लेकर सतर्क रहे। पॉजिटिव संकल्प में इतनी ताकत होती है कि वो सब कुछ ठीक कर देता है। मेरा आज अच्छा है तो कल अच्छा ही अच्छा है, वर्तमान के आधार पर भविष्य बनता है। निगेटिविटी का लीकेज आया, तो गए काम से। इसलिए तीनों कालों के लिए सदा कंप्लीट पॉजिटिव रहे।





## सिटी लाइव

### कर्मा, ददरिया लोक गीतों और नृत्यों की दी आकर्षक प्रस्तुति, कंवर समाज का आयोजन




**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई की सामाजिक संस्था कंवर समाज सेवा समिति द्वारा वार्षिक मिलन समारोह कंवर भवन आशीष नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के बच्चों व महिलाओं ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कर्मा, ददरिया लोक गीतों और नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी। मिलन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर उपस्थित थे। कंवर समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा, युवाओं को सहीं मार्गदर्शन, बच्चों में नैतिक वं बौद्धिक का विकास के साथ-साथ समाज के प्रति समर्पण की भावना जागृत करना था। इस दौरान युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष आर के जयसिंधु द्वारा विधायक को मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में उपस्थित छत्तीसगढ़ कंवर समाज अध्यक्ष हरबंश सिंह मिरी ने अपने उद्बोधन में भिलाई सहित पूरे कंवर समाज के सामाजिक परिस्थितियाँ, पारिवारिक परिस्थितियां, युवाओं की उपलब्धियां और वर्तमान में समाज की आवश्यकताओं को बल देते हुए, कंवर समाज के राजनैतिक क्षेत्रों में भी भागीदारी को रेखांकित किया। विधायक ने सभी बिन्दुओं को संज्ञान में लेते हुए वर्तमान में कंवर भवन के द्वितीय तल पर शिक्षा के लिए बाहर से आने वाले बच्चों के लिए सर्वसुविधायुक्त कमरा निर्माण के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से भी समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के विशेष आकर्षण महिलाओं का खेलकूद एवं बालक बालिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़ की धरोहर सांस्कृतिक झलकियां कर्मा, ददरिया, रेला इत्यादि गीतों एवं नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति रही। कार्यक्रम के अंत में समाज के महासचिव ललित कुमार ठाकुर द्वारा आयोजन के लिए महिला प्रभाग, युवा प्रभाग, समस्त सलाहकार, संरक्षक, कार्यकारिणी सदस्यों एवं आयोजन में उपस्थित महिलाओं और प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त किया।

## प्रदर्शनी

# बच्चों में पुस्तकों के प्रति रुझान बढ़ाने पुस्तक मेला का आयोजन



**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय ग्रंथालय विद्यासागर द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी और मेला का आयोजन किया गया। विद्यालय के ग्रंथालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न क्रियाकलापों करवाये जाते है, इसी कड़ी में पुस्तक प्रदर्शनी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए एक शिक्षाप्रद आयोजन रहा। ग्रंथपाल भावना माहेश्वरी ने प्रदर्शनी के संबंध में कहा कि यह विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसमें हमने हर तरह कि पुस्तकों एवं ग्रंथों का प्रदर्शन किया है जो कि व्यावसायिक एवं व्यावहारिक जीवन में मददगार साबित हो सकती है। बच्चों में पुस्तकों के प्रति लगाव व रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी लगायी गयी है। ग्रंथपाल शांतनु कुमार ने कहा कि यह प्रदर्शनी सुबह से देर शाम लगायी गई थी जिसमें अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का अच्छा प्रतिसाद मिला। ग्रंथालय सहायक आर.आनंद, देवेन्द्र कुमार दास, विद्यालय के प्राचार्य बिपिन देशमुख का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए बहुत ही अच्छा अवसर है जहां पुस्तकों का इतनी अधिक मात्रा में एक साथ संकलन है जो पुस्तक पठन और पुस्तकों के प्रति रूचि व लगाव जागृत करने के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। उपप्राचार्य बी.विजयन ने भी कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर प्रधान पाठिकाएं शोभा नायर, शीजा जॉन, चरनीत कौर, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव एस स्वामीनाथन, अध्यक्ष वी रामचंद्रन एवं अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों में पुस्तक पठन के प्रति रूचि जगाने वाले कार्यक्रम की सराहना की।

## तीन दिवसीय आयोजन

# श्री मां शीतला शक्तिधाम शिव हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कर आज होगी महाआरती



**भिलाई।** श्री माँ शीतला शक्तिधाम शिव हनुमान मंदिर शक्तिधाम, सुपेला तालाब भिलाई में तीन दिवसीय राम भक्त हनुमान प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। 20 से 22 जनवरी तक हनुमान महाराज की दिव्य प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। आतिशबाजी और गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा में महिलाओं के साथ-साथ युवतियां, पुरुष व बच्चें सहित सभी आयुवर्ग के लोग उपस्थित थे। प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रथम दिवस सोमवार माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी तिथि को कलश यात्रा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मंगलाचरण, अग्नि स्थापना, स्थापित देवता एवं वेदी पूजन, जलाधिवास, सांय पूजन द्वितीय दिवस मंगलवार माघ कृष्ण पक्ष सप्तमी तिथि को पूजन, मूर्ति संस्कार, अन्नाधिवास, स्थापित देवता एंव वेदी पूजन, सांय पूजन किया गया। आयोजन के व्यवस्थापक केशव चौबे ने बताया कि आज आयोजन के अंतिम दिन माघ कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को अयोध्या धाम में राम लला के नव निर्मित मंदिर के 1 वर्ष पूर्ण होने पर सुबह पूजन, फलाधिवास, स्थापित देवता एंव वेदी पूजन, देव प्रतिष्ठा, हवन पूर्णाहुति एवं महा आरती की जाएगी। जिसके बाद आज दोपहर 3 बजे महाभोग वितरण किया जाएगा।

**आयोजन का समापन आज**

### आयुर्वेद उपचार शिविर का आयोजन कल

**भिलाई।** ओजस समाज सेवा समिति एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा द्वारा दुर्गा मंच रिसाली में गुरुवार को दोपहर 2 बजे से आयुर्वेद उपचार शिविर का आयोजन निशुल्क किया जायेगा। आयुष मंत्रालय द्वारा प्रमाणित संस्था द्वारा आयोजित आयुर्वेद उपचार शिविर में स्वस्थ और सुरक्षित जीवन, व्यक्तित्व का विकास, बेहतर जीवनशैली का जानकारी दी जायेगी साथ ही सभी बीमारियों का शारिरिक और मानसिक इलाज भी किया जाएगा। आयुर्वेद उपचार शिविर का लाभ बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं व पुरूष सभी आयु वर्ग ले सकते है।

### भिलाई बंगाली समाज का फूड फेस्टिवल, गायन और पेंटिंग प्रतियोगिता आज से

**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज (बीबीएस) द्वारा 22 और 23 जनवरी को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर भिलाई में किया गया है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड फेस्टिवल, सम्मान समारोह आयोजित है। गायन और पेंटिंग स्पर्धा के करीब 80 बच्चों का सम्मान किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष सुप्रभात पाल ने बताया कि आज शाम 7 बजे से फूड फेस्टिवल और बच्चों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन होगा। 23 जनवरी को सुबह 8 बजे नेताजी सुभाष जयंती के अवसर पर बीएसपी आदर्श स्कूल सेक्टर-7 से प्रभात फेरी नकाली जाएगी। नगर भ्रमण करते हुए रैली का समापन नेहरू कल्चरल हाउस सेक्टर-1 में होगा। शाम को 7 बजे से फूड फेस्टिवल और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। आज शाम 7 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। जिसमें फूड फेस्टिवल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ड्राइंग प्रतियोगिता के ग्रुप ए और बी, गायन स्पर्धा के ग्रुप सी और डी के बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं 23 जनवरी को शाम 7 बजे से फूड फेस्टिवल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ड्राइंग प्रतियोगिता के ग्रुप सी और डी तथा गायन प्रतियोगिता के ग्रुप ए और बी के विजेता प्रतिभागियों का पुरस्कृत किया जाएगा।

- 23 जनवरी को नेताजी जयंती पर निकाली जाएगी प्रभात फेरी

## कालीबाड़ी भिलाई सेक्टर 6 में हुआ आयोजन

# ठाकुर अनुकूल चंद्र का मनाया 137 वां जन्म महोत्सव, धर्म ग्रंथों का किया पाठ, हुआ सत्संग



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** सत्संग विहार भिलाई-चरोदा द्वारा श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का 137वां जन्म महोत्सव कालीबाड़ी भिलाई सेक्टर 6 के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चरोदा सत्संग विहार मंदिर में पूजा अर्चना के बाद सुबह 10 बजे सेक्टर 6 कालीबाड़ी में भजन कीर्तन एवं वंदे पुरुषोत्तम के जयघोष से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद धर्म ग्रंथों के पाठ तथा बाहर से आए ठाकुर के ऋत्विकों के द्वारा प्रवचन का आयोजन किया गया। प्रवचन में उड़ीसा से आए एसपीआर जयन्त कुमार दास ने कहा कि अहंकार से कुछ हासिल नहीं होता, जो ठाकुर से प्रेम करते है। वही उनको जान पाएंगे। ठाकुर अनुकूल चन्द्र चाहते थे की सभी आपस में प्रेम करें।



### ठाकुर ने दिया था प्रेम का संदेश

प्रवचन के माध्यम से बताया गया कि दूसरे की मंगल कामना का विचार रखना ही बड़ी बात है। ठाकुर ने प्रेम का संदेश दिया था। माता-पिता सहित सभी संबंधों से प्रेम करना चाहिए। जो लोग दीक्षा के समय शपथ लिए उसे याद करना है। एम्स अस्पताल के डॉ अजय बेहरा ने प्रवचन के माध्यम से श्री ठाकुर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया। धर्म सभा में वक्ताओ ने कहा कि सत्संग से मानव रुपी जीवन सफल हो जाता है। सभा में चितरंजन परिजा, दीपसुंदर पट्टनायक, मानस सेनापति सहित अनेकों ने अपने विचार व्यक्त किए। दोपहर 1 बजे से लेकर शाम तक चले आनंद बाजार भंडारा में 4 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में बाहर से आए श्रद्धालु भी पहुंचे थे।

### अन्य प्रदेशों से पहुंचे अनुयायी

कार्यक्रम के मुख्य संचालक भिलाई के एसपीआर सुशांत सेनगुप्ता ने कहा कि हम सभी ठाकुर अनुकूल चन्द्र की 137वीं वार्षिक जन्म जयंती मना रहे है और इस आयोजन कार्यक्रम में 4 हजार से अधिक अनुयाईयों ने उपस्थित होकर सत्संग का आनंद लिया। कार्यक्रम में भिलाई नगर सेक्टर 6 कालीबाड़ी समिति का विशेष योगदान रहा। समापन के बाद आतिशबाजी किया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में कांकेर पखांजूर, बिलासपुर, धमतरी, रायपुर, माना, राजनंदगांव डोंगरगढ़ के अलावा उडीसा, मध्यप्रदेश, झारखंड से भी सत्संगी पहुंचे थे। इस दौरान मेला भी लगाया गया था जहां पर आए लोगों ने झारखंड देवघर के विभिन्न दवाई एवं किताबों की खरीददारी की। जन्मोत्सव के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमन शील, जगाई चंद्र दास, पूर्ण चंद्र साहू, डॉ अजय कुमार बेहेरा, विकास चंद्र सरकार, भक्तिपद माहातो, धूरुती पटनायक, बलराम, प्रभात राय, चितरंजन, चित्तो सरकार, समिता मोहंती, ज्योतिका दास, मिता दास उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### साउथ एशियन थाई बॉक्सिंग विजेताओं की वापसी पर हुआ भव्य स्वागत

**रायपुर।** एशियन थाई बॉक्सिंग फेडरेशन (एटीएफ) के तत्वावधान में थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन (टीआईएफ) और मध्यप्रदेश थाई बॉक्सिंग संघ द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर, कोटरा भोपाल (मध्यप्रदेश) के बॉक्सिंग रिंग मे साउथ एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 17 से 19 जनवरी को किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के चयनित तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 04 स्वर्ण पदक जीते। 20 जनवरी को लौटने पर रायपुर रेल्वे स्टेशन में एवं खिलाड़ियों के मोहल्ले में शानदार स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि इस चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ का 04 सदस्यीय दल भोपाल गया था। चैंपियनशिप के चीफ जज के रूप में राज्य थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन तथा दंतेवाड़ा खेल विभाग की कोच टिकेश्वरी साहू को रेफ़री और भारतीय थाई बॉक्सिंग बालिका दल की कोच के रूप में आमंत्रित किया गया था। पदक विजेताओं में टिकेश्वरी साहू (खेल एवँ युवा कल्याण, दंतेवाड़ा) – सीनियर फाइट (-48 किग्रा) में स्वर्ण पदक और ओपन म्यूजिकल इवेन्ट में स्वर्ण पदक सहित कुल 02 स्वर्ण, मानसी तांडी (रायपुर)–सीनियर फाइट (- 45 किग्रा) में स्वर्ण पदक, घृतेश साहू (रायपुर) – जूनियर वर्ग (-65 किग्रा) में फाइट में स्वर्ण पदक शामिल है।



### फुटबॉल में ब्रह्मविद और शेरा की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित प्रथम छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 17 फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत मंगलवार को पंत स्टेडियम भिलाई में दो मैच खेले गए। पहला मैच ब्रह्मविद फुटबॉल अकादमी रायपुर एवं एटीके चैंपियन एफसी रायपुर के मध्य खेला गया। जिसमें ब्रह्मविद एफए ने 4 - 1 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच शेरा एफसी रायपुर एवं मेड़पार बिलासपुर के मध्य खेला गया जिसमें शेरा एफसी रायपुर ने 5 - 0 से एकतरफा जीत दर्ज की।

### प्रदेश शतरंज संघ सचिव हेमन्त का विशिष्ट योगदान हेतु किया सम्मान



**रायपुर।** स्व.श्री नंदलाल यादव की स्मृति में रायपुर में आयोजित चेस मास्टर ट्रॉफी के समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दरमियान जिला शतरंज संघ व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे को शतरंज के क्षेत्र में दिए गए 30 वर्षो के योगदान के लिए आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने साल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि हेमंत खुटे शतरंज के राष्ट्रीय निर्णायक, खिलाड़ी व कोच के साथ – साथ लेखक, खेल समीक्षक, स्तंभकार है। चेस इन स्कूल्स के तहत 3500 से अधिक बच्चों को इन्होंने निशुल्क शतरंज का प्रशिक्षण दिया है। इनकी सक्रियता को देखकर हाल ही में चेस इन स्कूल के चेयरमैन शिवा प्रसाद ने हेमंत खुटे को ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के पायलट प्रोजेक्ट चेस इन स्कूल्स के विशेष सदस्य मनोनित किये है।

### ऑल इंडिया पैरा आर्म रेसलिंग में 3 स्वर्ण सहित 11 पदक जीते खिलाड़ियों ने



**रायपुर।** ग्वालियर आर्म रेसलिंग वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा ऑल इंडिया पाफी पैरा आर्म रेसलिंग कप महिला एवं पुरूष स्पर्धा का आयोजन 18 से 19 जनवरी तक अटल बिहारी वाजपेई ट्रेनिंग सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्पोर्ट्स ग्वालियर में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में महासमुंद के 7 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते और देशभर में जिले का परचम लहराया। जिले के टिकेश्वर ने अपनी बेहतरीन क्षमता का प्रदर्शन करते हुए आर्म रेसलिंग में राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में अपनी प्रतिभा साबित की। 65 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं 70 किलो भार वर्ग में रजत पदक जीते. उनकी इस दोहरी जीत ने प्रतियोगिता में महासमुंद का दबदबा कायम किया। बिन्दा यादव ने उत्कृष्ट खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए स्वर्ण पदक एवं रजत पदक अपने नाम किया। लक्षवंतीन साहू ने प्रतियोगिता में दो भार वर्ग में 2 कांस्य पदक जीता। बालमोती निषाद ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं रजत पदक जीता। सुरजो यादव ने रजत एवं कांस्य पदक जीता। सविता निषाद ने 65 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों के कोच श्रीमंत झा है. आल इंडिया पैरा आर्म रेसलिंग कप 2025 में जिले के खिलाड़ियों ने पदकों की झड़ी लगाया जिस हेतु खेल संघ के पदाधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ अध्यक्ष निरंजन साहू, सचिव तोरण यादव, वरुण निषाद, ललिता साहू, भूमिका यादव ने बधाई दी है।

#### कई बार घर पर इलाज करवाना पड़ सकता है भारी

# छोटी-छोटी चोट को न लें हल्के में, बड़े खतरे से बचाव के लिए अपनाएं सतर्कता


घर के ढेर सारे काम करने के दौरान आपको जख्म या चोट लग जाती है, जिसका इलाज आप घर पर खुद ही कर लेती हैं, लेकिन हमेशा ऐसा करना आपको परेशानी में डाल सकता है। दिल्ली की रहने वाली 30 वर्षीय ऋचा हमेशा अपने दो साल के बेटे आर्यन के लिए परेशान रहती हैं। ऋचा को नौकरी पर जाना होता है और आर्यन का ध्यान उसके दादा-दादी रखते हैं। वह इतना चंचल है कि खेल-खेल में अक्सर कुछ ऐसा कर बैठता है, जिससे चोटिल हो जाता है या दादा-दादी को कर देता है।

कई बार तो फर्श पर इतना जोर से गिरता है कि सिर में सूजन तक आ जाती है। ऋचा ने जब यह परेशानी अपनी दोस्त डॉ. हर्षिता को बताई तो उन्होंने कहा, "वैसे तो बच्चों के साथ घटने वाली यह मामूली घटना है, लेकिन बार-बार सिर पर चोट लगना मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसी स्थिति में अगर बच्चा सिर या गर्दन में दर्द की शिकायत करता है तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए, क्योंकि छोटी-छोटी परेशानियों को नजरअंदाज करना स्थिति को गंभीर बना सकता है।"

यह बात भी सच है कि घर ही वह स्थान है, जहां हम खुद को सबसे सुरक्षित पाते हैं। मगर इसी स्थान पर परिवार के सदस्य किसी न किसी छोटी-मोटी दुर्घटना का शिकार हो ही जाते हैं। कभी कोई फिसल जाता है, जिस कारण चोट लग जाती है या मोच आ जाती है। कभी रसोई में काम करते वक्त हाथ कट या जल जाता है। कई बार पालतू पशु और कीड़े-मकौड़े जख्म दे जाते हैं। तब आप इन जख्मों या खरोंचों पर घरेलू नुस्खे आजमाती हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि आपके उपाय लाभकारी सिद्ध हों। ऐसे में आपको इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है, इसलिए जागरूक रहना और सावधानी बरतना जरूरी है।

### कटने और जलने को हल्के में न लें


रसोई वह स्थान है, जहां पाक कलाओं को लेकर तमाम तरह के प्रयोग किए जाते हैं, लेकिन यहीं हल्की-फुल्की चोट लगने की आशंका भी हमेशा बनी रहती है। अमूमन, रसोई में प्राथमिक रूप से फल-सब्जी काटने,



भोजन पकाने, चाय-कॉफी बनाने, मसाले पीसने और साफ-सफाई से लेकर अन्य कई तरह के काम किए जाते हैं। कई बार ऐसा करते हुए कभी उंगली कट जाती है, कभी गरम पानी या तेल हाथों पर गिर जाता है तो कभी इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंस चलाते हुए इलेक्ट्रिक शॉक लग जाता है। आप अक्सर इनकी खास परवाह नहीं करती हैं और नजरअंदाज कर देती हैं। वह अक्सर चोट लगी जगह पर जलन को रोकने के लिए सरसों तेल या ठंडे पानी में हाथ को डूबोकर, कोई स्प्रे छिड़ककर, बर्न ऑइंटमेंट या एलोवेरा जेल लगाकर काम चला लेती हैं।

### सिर की चोट हो सकती गंभीर

छोटे बच्चों को आप कितना भी संभाल लें, नटखटपन और शरारतों की वजह से अक्सर उन्हें चोट लग ही जाती है। दौड़ने, खेलने-कूदने, कुर्सी या बिस्तर से उतरते समय थोड़ा-सा संतुलन बिगड़ते ही उन्हें सिर पर या हाथ-पैर में चोट लग जाती है। इस मौके पर होम किट या घरेलू नुस्खों की मदद से मरहम-पट्टी करना जरूरी है। अक्सर आप खरोंचों पर खास ध्यान नहीं देतीं, जबकि उनमें ही संक्रमण का सबसे अधिक खतरा होता है।



### बुजुर्गों के प्रति सतर्कता

बच्चों के अलावा आपको परिवारों के बुजुर्गों का भी खास ख्याल रखना होता है। बुजुर्गों की बढ़ती उम्र के साथ हड्डियां कमजोर और आंखों की रोशनी कम होने लगती है। कई बार उनके लिए शरीर पर संतुलन बनाए रखना भी मुश्किल होता है। इससे उनके गिरने या चोटिल होने का खतरा हमेशा बना रहता है, खासकर डिमेंशिया और पार्किंसन के शिकार बुजुर्गों के बाथरूम में गिरने की अनेक घटनाएं घटित होती हैं। यह जरूरी नहीं कि हर चोट गंभीर हो और डॉक्टर को दिखाने की जरूरत पड़े, लेकिन अगर सिर पर कहीं चोट लगी हो और बुजुर्ग को नींद या चक्कर आने लगें, उल्टियां शुरू हो जाएं तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें। इसके अलावा चोट लगने से अगर हाथ या पैर उठाने में तकलीफ हो रही हो, तब भी जांच करानी चाहिए।

## मिक्सर जार से आ रही है बदबू तो काम आएगा केले का छिलका

मिक्सर जार किचन में कभी मसाले पीसने के लिए तो कभी चटनी बनाने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। हालांकि, अभी भी कई लोग चटनी बनाने के लिए सिल बट्टे का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन मिक्सर जार में पीसने से काफी टाइम बचता है। लेकिन बार-बार इस्तेमाल के बाद इसमें से कभी-कभी बदबू आने लगती है। यह बदबू जार में फंसे खाने, मसालों या गीली चीजों की वजह से हो सकती है।ऐसे में कई बार धोने के बाद भी बदबू खत्म नहीं होती। अगर आपके साथ ही ऐसा है, तो हम आपको बताएंगे केला का छिलका इस्तेमाल करने का यूनिक तरीका जिससे जार की बदबू कम कर सकते हैं। तो आइए जानें कि मिक्सर जार से बदबू हटाने के लिए केले के छिलके का इस्तेमाल कैसे करें।

### केले के छिलके का यूं करें इस्तेमाल

सबसे पहले एक केले का छिलका लें और इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। मिक्सर जार में यह छिलका डालें और थोड़ा पानी मिलाएं। मिक्सर को 30-40 सेकंड के लिए चलाएं। यह छिलका जार के अंदर के दाग-धब्बों और बदबू को हटाने में मदद करेगा। मिक्सर जार को अच्छी तरह से धो लें और फिर सूखने के लिए रख दें। अगर आप अंदर से जार की सफाई करना चाहते हैं, तो इसके साथ नमक मिला सकते हैं। नमक जार की अच्छी तरह सफाई करता है और छिलके बदबू मिटाने के काम करेगा।




केले का छिलका छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें। इसमें एक चम्मच नमक डालें और थोड़ा पानी मिलाएं। इस मिश्रण को मिक्सर में डालकर चलाएं। अगर आपके घर में विनेगर रखा है, तो इसका भा इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं होगी, बस आपको नीचे बताए गए स्टेप्स को फॉलो करना होगा।

केले का छिलका और 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिक्सर जार में डालें। थोड़ा पानी डालकर मिक्स करें। गर्म पानी और केले के छिलके का करें इस्तेमाल यह टिप न सिर्फ आपके जार को साफ करता है, बल्कि उसे ताजगी भी प्रदान करता है। केले के छिलके में मौजूद प्राकृतिक एंजाइम और फाइबर जार के अंदर फंसे गंदगी के कणों को ढीला कर देते हैं, जबकि गर्म पानी सफाई तेजी से करता है।

## मौनी अमावस्या पर बनेगा अतिशुभ संयोग, जानें क्या करें और क्या नहीं

वैदिक पंचांग के अनुसार माघ मास के कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि को मौनी अमावस्या है। इसे माघी या मौनी अमावस्या भी कहते हैं। इस बार माघी अमावस्या 29 जनवरी को है। सनातन धर्म में मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने की परंपरा है। इस शुभ अवसर पर भक्त गंगा तट पर स्नान करते हैं, ध्यान करते हैं और भगवान शिव की पूजा करते हैं।



धार्मिक मान्यता है कि मौनी अमावस्या के दिन गंगा में स्नान करने से जाने-अनजाने में किए गये पाप धुल जाते हैं। मां गंगा की कृपा भी भक्तों पर बरसती है। कुंडली में शामिल अशुभ ग्रहों से मुक्ति मिलती है। इस बार माघी अमावस्या पर कई शुभ संयोग का निर्माण हो रहा है। आइए जानते हैं कौन से हैं ये शुभ योग और इस दौरान क्या करना चाहिए क्या नहीं।

**शिववास योग:** मौनी अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग का संयोग बन रहा है। शिववास का संयोग मौनी अमावस्या यानी 29 जनवरी को सायं 06: 05 मिनट तक है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव कैलाश पर मां गौरी के साथ विराजमान रहेंगे।

**सिद्धि योग:** माघ अमावस्या या मौनी अमावस्या पर सिद्धि योग का भी संयोग बन रहा है। सिद्धि योग का संयोग रात 09 बजकर 22 मिनट तक है। ज्योतिष शास्त्र में सिद्धि योग को शुभ मानते हैं। इस योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी।

इसके अलावा मौनी अमावस्या पर श्रवण एवं उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होगी।



## दफ्तर की नकारात्मकता कार्य में डाल रही है बाधा तो ऐसे पाएं बेहतर माहौल

आप अपने दिन का अधिकतर वक्त दफ्तर में बिताते हैं। ऐसे में दफ्तर आपके लिए दूसरे घर जैसा हो जाता है, जहां का माहौल अगर अच्छा हो तो कार्य भी बेहतर तरीके से होता है। वहीं अगर माहौल में नकारात्मकता होती है तो दफ्तर में काम में भी मन नहीं लगता है और कार्य सही तरीके से भी नहीं हो पाता है। दफ्तर में नकारात्मक माहौल का असर न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है, बल्कि यह आपके कार्यक्षेत्र की उत्पादकता और व्यक्तिगत विकास में भी बाधा बन सकता है। दफ्तर का माहौल कभी-कभी आपके नियंत्रण से बाहर हो सकता है, लेकिन आप अपनी सोच और दृष्टिकोण को बदलकर इसे सकारात्मक बना सकते हैं। याद रखें, आपकी ऊर्जा और दृष्टिकोण दूसरों को भी प्रभावित कर सकती है। सकारात्मक रहें और धीरे-धीरे माहौल को सुधारने की कोशिश करें। यदि आप अपने दफ्तर में नकारात्मकता महसूस कर रहे हैं, तो इसे सकारात्मकता में बदलने के लिए कुछ तरीके अपना सकते हैं।

### सकारात्मकता बनाए रखें

सबसे जरूरी है कि आपके विचार और व्यवहार में सकारात्मकता हो। जब आप खुद पॉजिटिव रहेंगे तो दूसरों को भी प्रेरित कर सकते हैं। अपने सहकर्मियों की छोटी-छोटी मदद और उपलब्धियों की सराहना करें। आभार व्यक्त करना सीखें। इससे वातावरण को सकारात्मक बनाया जा सकता है।

### समस्या पर खुलकर बात करें



यही आपकी टीम के भीतर नकारात्मकता है या कोई सहकर्मी नकारात्मक बाते करता है तो उससे बात करें और समस्या समझें। नकारात्मकता के कारण को जानकर समाधान निकालने के लिए प्रबंधन से खुलकर बात करें। किसी सहकर्मी के नकारात्मक व्यवहार से समस्या हो रही है, तो विनम्रता से उनसे बात करें।

### नकारात्मकता से दूरी


दफ्तर में फैली अफवाहों से दूर रहें। इसका हिस्सा न बनें। ऐसे सहकर्मियों से दूरी बनाए रखें जो लगातार शिकायत करते हैं या दूसरों की बुराई करते रहते हैं। नकारात्मकता से दूर रहकर आप इसके प्रभाव से बच सकते हैं और आपका मन मस्तिष्क शांत रह सकता है।

### कार्यक्षेत्र को व्यवस्थित करें

अपने कार्यस्थल को साफ-सुथरा और प्रेरणादायक बनाए रखें। आप डेस्क पर सकारात्मक संदेश, पौधे, या प्रेरक चित्र रख सकते हैं। काम के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें और अपने तनाव को कम करें।

### व्यक्तिगत विकास पर ध्यान दें

मानसिक शांति और सकारात्मकता बनाए रखने के लिए योग और ध्यान करें। अपने कौशल को विकसित करें। यह आत्मविश्वास बढ़ाने और नकारात्मकता से बचने में मदद करता है।



कार्नर न्यूज

#### छत्तीसगढ़ टीम को बेहतर प्रदर्शन के साथ पदक की उम्मीद

# उत्तराखंड राष्ट्रीय खेल में दम दिखाएगी छत्तीसगढ़ की हैंडबॉल और बीच हैंडबॉल टीम, कड़े प्रशिक्षण के बाद हुआ चयन

**रायपुर।** उत्तराखंड सरकार एवं उत्तरांचल ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा 38 वां राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक भारतीय ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इन खेलों में छत्तीसगढ़ की हैंडबॉल और बीच हैंडबॉल टीम की घोषणा कर दी गई है। दोनों ही टीम का चयन प्रशिक्षण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि छत्तीसगढ़ टीम अपना बेहतर प्रदर्शन कर पदक हासिल करेगी।

### हैंडबॉल टीम की घोषणा, उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद

राष्ट्रीय खेल में इंडोर हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन रुद्रपुर (उत्तराखंड ) में 07 से 12 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 20 सदस्यीय इंडोर पुरुष हैंडबाल टीम छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के बैनर तले में भाग लेगी। छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के इंडोर पुरुष हैडबाल टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन 13 जनवरी को सेक्टर-1, भिलाई में किया गया था। चयनित टीम के राष्ट्रीय खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राष्ट्रीय हैंडबाल अकादमी के सीआईएसएफ हैंडबाल ग्राउंड,बोकारो



हॉस्टल, सेक्टर-4, भिलाई में 17 जनवरी से 03 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसके मुख्य प्रशिक्षक एम. सुरेश कुमार, सहायक प्रशिक्षक आनंद, प्रबंधक विजय बहादुर, राजेश सरकार के संरक्षण में प्रशिक्षण शिविर में प्रषिक्षण दिया जा रहा है। चयनित खिलाड़ियों एवं अधिकारियों में सिद्धार्थ विधुरी एस. ब्रिटेन सिंह, बासा महेश, कैलाश पटेल बी. प्रवीण कुमार, मिथुन कुमार, मनीष चंद्राकर, मो. आमिर हुसैन, समृद्ध कालकर,एम. गौतम रुपेश भाई तलपड़ा, के. कार्तिक कुमार, अमित शर्मा, मो. आदिल अंसारी, दुर्गा मांझी, प्रदीप, एम. सुरेश कुमार, आनंद एन.एस, विजय बहादुर प्रबंधक, राजेश कुमार सरकार शामिल हैं।

### बीच हैंडबॉल की टीम भी पदक के लिए तैयार

राष्ट्रीय खेल में इंडोर हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन रुद्रपुर (उत्तराखंड ) में आयोजित किया जा रहा है। उक्त राश्ट्रीय खेल में बीच हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन ऋषिकेश (उत्तराखंड) में 27 से 31 जनवरी तक किया जा रहा हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 13 सदस्यीय बीच महिला हैंडबाल टीम छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के बैनर तले भाग लेगी।

छत्तीसगढ टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन 17 जनवरी को दोपहर 2 बजे से बीच वॉलीबाल ग्राउण्ड, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में हुआ। चयन स्पर्धा के पश्चात चयनित छत्तीसगढ़ राज्य की बीच महिला हैंडबाल टीम का राष्ट्रीय खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयाजेन बीच वॉलीबाल ग्राउण्ड, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में 18 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके मुख्य प्रशिक्षक शेख मौला, सहायक प्रषिक्षक जुलियट विनय, प्रबंधक अमिता मोहापात्रा, सपोर्ट स्टाफ शबनम फिरोज अंसारी के संरक्षण में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। चयनित खिलाड़ियों एवं अधिकारियों में कंचन महानंद, भाविका रामटेके, सुनिधि मिश्रा, प्रिया तिवारी, प्रीति साहू,प्रिया, काजल, गौरव, सुरक्षा, पंकज सांगवान, शेख मौला प्रशिक्षक, जुलियट विनय, अमिता मोहापात्रा और शबनम अंसारी शामिल हैं। ज्ञात रहे कि छत्तीसगढ़ बीच महिला हैंडबॉल टीम ने विगत 37वीं राष्ट्रीय खेल, गोवा में भाग लेते हुये छत्तीसगढ़. राज्य को कांस्य पदक दिलाया था तथा गुवाहाटी (असम) में 10 से 13 जनवरी तक आयोजित सीनियर बीच राष्ट्रीय हैडं बाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बीच महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। उक्त प्रदर्शन को देखते हुये 38वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में छत्तीसगढ़ राज्य की बीच महिला हैंडबाल टीम पदक की प्रबल दावेदार है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'बैक इन एक्शन' में सीआईए एजेंट बन कर लौटीं कैमरून, ट्रेलर जारी

हॉलीवुड की जासूसी कॉमेडी फिल्म 'बैक इन एक्शन' का नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी किया है। फिल्म में कैमरून डियाज और जेमी फॉक्स मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। दोनों ने फिल्म में पूर्व सीआईए एजेंट का किरदार निभाया है। हॉलीवुड फिल्म के एक्शन से भरपूर होने का दावा किया जा रहा है। आइए इससे जुड़ी अन्य जानकारियों को जानते हैं।




17 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर फिल्म का प्रीमियर हुआ। एक्ट्रेस कैमरून डियाज ने इस फिल्म से 10 वर्षों के बाद अभिनय में वापसी की हैं। उन्हें आखिरी बार साल 2014 में सेठ गॉर्डन द्वारा निर्देशित एक्शन फिल्म में 'एनी' में देखा गया था। निर्माताओं ने ट्रेलर को कैप्शन दिया, सीआईए जासूस की जिंदगी छोड़कर परिवार शुरू करने के कई वर्षों बाद, एमिली (कैमरन डियाज) और मैट (जेमी फॉक्स) अपने राज खुलने पर खुद को जासूसी दुनिया में वापस लौटते हुए पाते हैं।" कुछ दिनों पहले फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसमें केवल परिवार के सदस्य ही दिखाई दिए थे। अब नए ट्रेलर में अन्य किरदार भी नजर आए हैं। जिसमें, काइल चैंडलर, एंड्रयू स्कॉट और ग्लेन क्लोज सहित बाकी स्टार-स्टडेड कास्ट को दिखाया गया है। ट्रेलर में चैंडलर दोस्त के किरदार में नजर आ रहे हैं, जबकि एंड्रयू स्कॉट दुश्मन की भूमिका निभाते दिख रहे हैं। ट्रेलर में फिल्म के मुख्य अभिनेता कैमरून डियाज और जेमी फॉक्स खतरनाक एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों के किरदार दो बच्चों के माता-पिता है।

### टॉलीवुड

## नागा की पैन इंडिया 'थंडेल' को बड़े पैमाने पर किया जाएगा प्रमोट, तैयारी शुरू

साउथ अभिनेता और नागार्जुन के बड़े बेटे नागा चैतन्य की फिल्म थंडेल की रिलीज से पहले कोई ना कोई अहम जानकारी सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, अब पैन इंडिया फिल्म थंडेल को बड़े पैमाने पर कुछ शहरों में प्रमोट किया जाएगा। नागा चैतन्य और साई पल्लवी की आगामी फिल्म थंडेल उनकी अगली बड़ी रिलीज फिल्म है। थंडेल की रिलीज से पहले फिल्म निर्माताओं ने इसे बड़े पैमाने पर प्रमोच करने का फैसला लिया है। चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित यह फिल्म रोमांस और देशभक्ति का मिला जुला संगम है। यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। यह नागा चैतन्य के करियर की सबसे महंगी परियोजना में से एक बताई जा रही है, जो वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है।



फिल्म में नागा का किरदार उनकी बाकी रिलीज हो चुकी फिल्मों से हटकर होगा, यही वजह है कि फिल्म को अब बड़े पैमाने पर प्रमोट करने का फैसला लिया गया है। कथित तौर पर गीता आर्ट्स फिल्मों को बड़े पैमाने पर प्रमोट करता है और इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट के लिए भी यही होगा।

जानकारी के अनुसार, फिल्म मेकर्स थंडेल की रिलीज से पहले दो और गाने और एक ट्रेलर लॉन्च करेंगे। कथित तौर पर फिल्म को गैर-तेलुगु दर्शकों के करीब ले जाने के लिए मुंबई और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों में कई कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है।

कथित तौर पर विजाग में एक भव्य प्री-रिलीज इवेंट होने की संभावना है, जिसके साथ प्रचार अभियान खत्म हो सकता है। थंडेल के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम लगातार चल रहा है। पहला सिंगल, बुज्जी थल्ली, एक चार्टबस्टर है, और अगर फिल्म को एक और बड़ा हिट गाना मिलता है, तो इसका प्रचार अपने आप ही बहुत बड़ा हो जाएगा।

### भोजपुरी

## खेसारी के नए गाने को 8 घंटे में 14 लाख व्यूज, दर्शक उत्साहित

भोजपुरी संगीत की दुनिया में इन दिनों सुपरस्टार सिंगर्स के फैंस के बीच गजब का कंपीटिशन शुरू हो गया है। पहले जहां नए गानों को रिलीज के बाद मिलियन्स तक पहुंचने में करीब 24 घंटे लगते थे, वहीं अब कुछ ही घंटों में धमाकेदार व्यूज से गाने सपुरहिट हो रहे हैं। कुछ ऐसा ही हुआ है खेसारी लाल यादव के नए गाने 'गजब डोले' के साथ। इस गाने को महज 8 घंटों में 14 लाख यानी 1.4 मलियिन व्यूज मिल गए हैं।खेसारी का यह नया गाना गजब डोले 20 जनवरी को ही रिलीज हुआ है। इसे सुपरस्टार सिंगर ने प्रियंका सिंह के साथ मिलकर गया है। यह एक आइटम डांस नंबर है, जिसका म्यूजिक वीडियो भी बड़े ग्रैंड अंदाज में तैयार किया गया है। वीडियो में खेसारी के साथ खूबसूरत सौम्या पांडे नजर आ रही हैं। उनकी गोरी कमर हर हर दिल फिसल रहा है। 'गजब डोले' गाने के बोल अभिषेक भोजपुरिया ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक जय गुरुदेव ने कम्पोज किया है। कृष्णा अमृत फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले इस गाने के डायरेक्टर और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं। इस धमाकेदार म्यूजिक वीडियो की फैंस खूब तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि भोजपुरी इंडस्ट्री खेसारी से बढ़कर कोई स्टार नहीं है और इस गाने से उन्होंने एक बार फिर सबको पीछे छोड़ दिया है। एक अन्य ने लिखा है कि खेसारी सबसे बेस्ट हैं ।






साल 2025 में बदलते मौसम के साथ फैशन का ट्रेंड भी बदलता जाएगा। हाल ही में पेरिस फैशन वीक के दौरान लंबे कोट और गुलाबी रंग को प्राथमिकता दी गई। फैशन के जानकारों का कहना था कि सर्दियों में लंबे कोट अरसे से से फैशन पर हावी है। इस सीज़न के लिए निटवियर का ट्रेंड भी देखा गया। जिसमें ज़्यादा पारंपरिक केबल निट और बबल निट से लेकर बड़े, चंकी निट और हल्के, ज़्यादा कामुक निट तक सब कुछ देखने को मिला।

## दोमुंहे बालों से छुटकारा पाने के आसान और घरेलू उपाय

प्रदूषण की वजह से हर कोई आजकल काफी परेशान है। प्रदूषण का सीधा असर लोगों की त्वचा और बालों पर देखा जा रहा है। प्रदूषण के दौरान यदि बालों का सही से ध्यान न रखा जाए तो दो मुंहे बालों की समस्या का होना बेहद आम है। दो मुंहे बाल देखने में तो अजीब लगते ही हैं, इनकी वजह से लुक भी खराब दिखने लगता है। इस परेशानी से ही बालों की ग्रोथ पर भी असर पड़ता है।

यदि आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो यहां हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपके बाल मजबूत और शाइनी दिखेंगे। इन नुस्खों को इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### ट्रिमिंग है जरूरी

यदि आपके बाल दो मुंहे हो रहे हैं तो बालों की नियमित ट्रिमिंग करें। इसके लिए हर 6-8 सप्ताह में बालों को ट्रिम करवाएं। इससे दो मुंहे बाल हट जाएंगे और बाल स्वस्थ दिखेंगे। यदि आप समय पर ट्रिमिंग नहीं कराएंगे तो इससे बालों की ग्रोथ पर गहरा असर पड़ेगा।

### नारियल तेल का उपयोग करें

दो मुंहे बालों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो बालों पर हल्के गर्म नारियल तेल की मालिश करें। इसे 1-2 घंटे छोड़ें और फिर माइल्ड शैम्पू से धो लें। ये बालों को पोषण देता है और दोमुंहे बालों को रोकता है। इसका इस्तेमाल तेल को हल्का गुनगुना करके ही करें, तभी ये ज्यादा फायदेमंद होगा।



### एलोवेरा जेल लगाएं

यदि आपके घर में एलोवेरा का पौधा लगा है तो एलोवेरा जेल को बालों के सिरों पर लगाएं और 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद बालों को धो लें। ये बालों को मॉइस्चराइज करता है और दो मुंहे बालों को ठीक करता है।

### अंडे का मास्क बनाएं

यदि आपको अंडा लगाने में कोई परेशानी नहीं है तो 1 अंडे को फेंटें और उसमें 2 बड़े चम्मच जैतून का तेल और शहद मिलाएं। इसे बालों में लगाकर 30 मिनट तक रखें। तीस मिनट के बाद बालों को शैंपू से धो लें। अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है और बालों को मजबूती देता है।

## न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट अपनाइए, मिलेगी सभी से तारीफ




अगर आप शादी से पहले होने वाले संगीत फंक्शन में भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप को-ऑर्ड सेट इस खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। इस आउटफिट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं कंफर्टेबल भी रहेंगी।



हर महिला चाहती है कि वो शादी के सभी फंक्शन में खूबसूरत नजर आए और इसके लिए वो बेस्ट आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। वहीं आजकल के फैशन की बात करें तो को-ऑर्ड सेट काफी ट्रेंड में है। को-ऑर्ड न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और अगर आप भी शादी से पहले होने वाले संगीत फंक्शन में खूबसूरत नजर आना चाहती हैं तो आप को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। हम आपको कुछ न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं जो आप संगीत फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट जहां खूबसूरत नजर आने के लिए बेस्ट है तो वहीं इन्हें वियर करने के बाद आपका लुक भीड़ से भी अलग नजर आएगा। इस तरह के प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट आप संगीत फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं जिसमे आपका लुक फ्रेश और खूबसूरत नजर आएगा। इस को-ऑर्ड सेट में टॉप, प्लाजो और श्रग है। इस तरह का प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट आपको सारे वर्क में नेकलाइन डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। जिन्हें आप 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट के साथ आप आउटफिट के हिसाब से पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। प्रिंटेड में आप इस तरह डार्क कलर के को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस को-ऑर्ड सेट में आप भीड़ से अलग नजर आएंगी।

### फ्लोरल डिजाइन को-ऑर्ड सेट

फ्लोरल डिजाइन वाले आउटफिट इन दिनों काफी ट्रेंड में है और अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह के फ्लोरल पैटर्न वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा और इसे आप 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

## कलर साड़ी के साथ वियर करें कुछ खास ज्वेलरी कलर, दिखेंगी बेहद खूबसूरत

साड़ी स्टाइल करना तो हम सभी को पसंद होता है। लेकिन साड़ी में लुक तभी अच्छा लगता है, जब हम इसके साथ अलग-अलग डिजाइन वाली ज्वेलरी को वियर करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे वियर करने के बाद आप अच्छी नजर आती है। ऑफ व्हाइट साड़ी के साथ हर रंग की ज्वेलरी अच्छी नजर लगती है। ऐसे में आप कुछ ऐसे कलर को चूज कर सकती हैं, जिसे वियर करके आप अच्छी नजर आएंगी।



### व्हाइट पर्ल डिजाइन वाली ज्वेलरी

आप अपनी साड़ी के साथ व्हाइट पर्ल वाली ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इसे साड़ी के साथ पहनने के बाद रॉयल लुक क्रिएट होगा। इस तरह की ज्वेलरी में आपको हैवी से लेकर सिंपल डिजाइन वाली ज्वेलरी मिल जाएगी। इससे आप अच्छी नजर आएंगी। साथ ही, आपकी कलेक्शन में कुछ नया ऐड हो जाएगा।

### मल्टी कलर स्टोन ज्वेलरी

आप साड़ी के साथ मल्टी कलर स्टोन ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद सबसे अलग और सुंदर नजर आती है। साथ ही, ऑफ व्हाइट कलर के साथ सबसे अलग लगती हैं। इसमें आपको लेयर से लेकर चोकर सेट के काफी अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे स्टाइल करके आप अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसे आप किसी और आउटफिट के साथ वियर कर पाएंगी। सुंदर नजर आने के लिए आप स्टोन वर्क वाले नेकलेस सेट को भी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

## वैक्सिंग के बाद रूखी हो जाती है त्वचा तो इन्हें इस्तेमाल करें

जहां हेयर रिमूवल क्रीम और रेजर के इस्तेमाल के बाद बाल जल्दी निकल आते हैं, वहीं वैक्सिंग के बाद लंबे समय तक बाल नहीं निकलते। ऐसे में महिलाएं वैक्सिंग कराना ही पसंद करती हैं। वैक्सिंग कराने के बाद बहुत सी महिलाएं त्वचा के रूखेपन से परेशान रहती हैं। ऐसे में हम यहां आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप वैक्सिंग के बाद कर सकती हैं। इससे आपकी त्वचा खिल उठेगी।

**एलोवेरा जेल:** ताजे एलोवेरा जेल को त्वचा पर लगाएं। ये त्वचा को ठंडक और नमी प्रदान करता है और जलन को कम करता है। इसे 10-15 मिनट तक त्वचा पर लगा रहने दें और फिर हल्के गुनगुने पानी से धो लें। चाहें तो इसे ऐसे ही लगा रहने दें। ये त्वचा पर किसी तरह की हानि नहीं पहुंचाता।

**नारियल तेल:** यदि वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा रूखी हो जाती है तो शुद्ध नारियल तेल का उपयोग त्वचा को मॉइस्चराइज करने के लिए करें। वैक्सिंग के तुरंत बाद त्वचा पर नारियल का तेल लगाएं। इसके अलावा रात में सोने से पहले इसे प्रभावित स्थान पर लगाएं।



**गुलाब जल:** हर घर में गुलाब जल तो अवश्य होता ही है। ये त्वचा को ठंडक और ताजगी प्रदान करता है। ऐसे में इसके इस्तेमाल के लिए एक कॉटन बॉल की मदद से त्वचा पर लगाएं। आप वैक्सिंग के तुंरत बाद इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।


कार्नर न्यूज

### इस मौसम में क्रोशिया स्वेटर अपनाकर दिखेंगी आप भीड़ से अलग

## ऑफिस गर्ल्स को ठंड से बचने के लिए चाहिए स्मार्ट लुक, स्टाइल करें ये ट्रेंडी क्रोशिया स्वेटर

सर्दियों के मौसम में यदि आप भी रोज ऑफिस जाने से पहले यह सोचती हैं कि क्या पहना जाए। इस परेशानी का सामना हर लड़की को करना पड़ता है। आपके साथ भी ऐसा होता है तो आज हम आपको क्रोशिया से बने स्वेटर दिखाने जा रहे हैं। जिनको कैरी करके आप ठंड से भी बचेंगी साथ ही आपका स्टाइल लुक भी बरकरार रहेगा।

सर्दियों के मौसम में कपड़ों का चयन करना काफी कठिन टास्क होता है। इस वेदर में हमें ठंड से बचने के साथ स्मार्ट लुक में भी दिखना होता है। ऐसे में ऑउटफिट को पेयर करने का तरीका आना बेहद जरूरी होता है। आजकल हर दिन फैशन ट्रेंड में बदलाव होता रहता है। ऐसे में बाजारों में भी अलग-अलग तरह के ऑउटफिट देखने को मिल जाते हैं, लेकिन बात सिर्फ ऑउटफिट की ही नहीं होती हैं। यदि आपको उन्हें स्टाइल करने का तरीका नहीं आता है, तो आप कुछ भी पहन लें आपका लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा ही नहीं। ऐसे में ड्रेसिंग स्टाइल के बारे में जानकारी हर लड़की को होनी



### मल्टी कलर कार्डिगन

ऑफिस में आप इस तरह का मल्टी कलर कार्डिगन ट्राई कर सकती हैं। इसको आप जींस, टॉप या कुर्ती के साथ पेयर करके खुद को स्मार्ट लुक दे पाएंगी। जालीदार दिखने वाले यह क्रोशिया स्वेटर काफी गर्म रहते हैं। इनको कैरी करने के बाद आपका लुक हर जगह यूनिक नजर आता है। इस कार्डिगन में आपको ऑनलाइन कई तरह के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे। हालांकि इनकी कीमत थोड़ी ज्यादा होती है। यह आपको 1000 से 3000 की रेंज में मिलेंगे।

### हाफ क्रोशिया फ्लोरल पैच स्वेटर

सलवार सूट या किसी लांग टॉप के संग आप फोटो में नजर आ रहा हाफ स्वेटर कैरी कर सकती हैं। ऐसे स्वेटर स्कर्ट और डेनिम दोनों के संग ग्रेसफुल लुक देते हैं। आप चाहे तो इनके ऊपर कोई शार्ट पफर जैकिट भी पेयर कर सकती हैं। ध्यान रहे आप जिस भी कलर का स्वेटर पहनें आपका अंदर वाला टॉप या शर्ट डिफरेंट कलर की होनी चाहिए। ऐसे में यह आपको परफेक्ट कॉम्बिनेशन देगा।

### पिंक फ्लोरल पैच स्वेटर

इस तरह के फ्लोरल पैच वाले स्वेटर भी काफी डेशिंग लुक देते हैं। इनको आप सलवार-सूट और जींस-टॉप के संग पेयर कर सकती हैं। इसमें आपको ऑनलाइन कई तरह के कलर और न्यू पैटर्न मिल जाएंगे। आप चाहे तो इनको ओपन करके या बटन लगाकर दोनों तरीके से स्टाइल कर सकती हैं। इसको आप डेनिम जींस के साथ किसी कंट्रास्ट कलर के टॉप को पहनकर ऐसा क्रोशिया स्वेटर पहन सकती हैं।

